राम चरण की पेद्दी
बॉक्स ऑफिस ...8

# दैनिक बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

एक विश्वास...

बलरामपुर
सोमवार, 15 जून 2026
वर्ष: 05 अंक : 254 पृष्ठ: 8
आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, में एक साथ प्रसारित।

सम्पादक : राजेश शर्मा

9415163471, 9453824459 Dainik Budh ka sandesh @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com


## निर्माण कार्यों में लाएं तेजी, गुणवत्ता के साथ समय से पूरे हों काम: मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।'** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एनेक्सी भवन में गोरखपुर व आजमगढ़ मंडल में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शासन तथा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से दोनों मंडलों में संचालित पुरानी व गतिमान परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि युद्धस्तर पर अभियान चलाकर सड़क निर्माण के कार्यों में तेजी लाई जाए और हर काम गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने मानसून (बरसात) से पहले की परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देने और उन्हें समय से पूरा कराने का निर्देश दिया। बैठक में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव ने पिछले वर्ष



के कार्यों का लेखा–जोखा भी प्रस्तुत किया।

**'जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराएं कार्य':** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर प्राथमिकता तय कर सड़कों का काम तत्काल शुरू कराया जाए, जिससे आम नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिल सके। जून के अंत तक सभी आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त कर ली जाएं और इसके तुरंत बाद शिलान्यास कराया जाए। सभी जरूरी संसाधनों की व्यवस्था करने के बाद ही कार्य प्रारंभ किया जाए, ताकि काम बीच में न रुके और समय से पूरा हो।

**आयुक्त व जिलाधिकारी भी समय–समय पर करें समीक्षा':** मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026–27 की कार्ययोजना के मद्देनजर पीडब्ल्यूडी के अधि ाकारी गोरखपुर व आजमगढ़ मंडल के सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर सड़कों का निर्माण कराएं। इसकी कार्ययोजना तत्काल उपलब्ध कराई जाए, ताकि समय से ध ानराशि स्वीकृत हो सके।

## देहरादून में बीजेपी नेता की हत्या के बाद गरमाया माहौल

### गुस्साई भीड़ ने फूंके घर और गाड़ियां, आरोपी का घर जमींदोज

देहरादून। उत्तराखंड के देहरादून जिले के सहसपुर




पुलिस स्टेशन इलाके के बैरागीवाला गांव में शनिवार देर शाम पानी को लेकर हुए झगड़े ने खूनी मोड़ ले लिया। सिंचाई के पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते सांप्रदायिक हिंसा में बदल गई। इस हिंसक झड़प में भारतीय जनता युवा मोर्चा के एक स्थानीय नेता की मौत हो गई। इस घटना के बाद से ही पूरे इलाके में भारी तनाव बना हुआ है।

**गुस्साई भीड़ ने की आगजनी और तोड़फोड़:** बीजेपी नेता की हत्या की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित भीड़ ने आरोपियों के घरों को निशाना बनाया और जमकर पथराव किया। इसके बाद भीड़ ने एक आरोपी के घर और वहां खड़े कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया।

### 3 नामजद और 25 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज, पुलिस बल तैनात

पुलिस ने इस पूरी हिंसा और हत्या के मामले में तत्परता दिखाते हुए तीन नामजद आरोपियों और 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव में दोबारा कोई अप्रिय घटना न हो और स्थिति नियंत्रण में रहे, इसके लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। आला अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

## नीट यूजी पुनर्परीक्षा : उत्तराखंड में फ्री बस सफर का ऐलान

नीट यूजी की पुनर्परीक्षा देने जा रहे उत्तराखंड के छात्रों के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने एक बड़ा राहत भरा फैसला लिया है। परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में किसी भी छात्र को पैसों की तंगी न झेलनी पड़े, इसके लिए उत्तराखंड रोडवेज की साधारण बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा देने का निर्णय लिया गया है। यह फैसला 21 जून को होने वाले नीट–यूजी री–एग्जाम के मद्देनजर लिया गया है। परिवहन निगम के मुताबिक, उत्तराखंड के स्थायी निवासी अभ्यर्थी 19 जून से लेकर 23 जून तक रोडवेज की साधारण बसों में बिना किराए के सफर कर सकेंगे। सरकार के इस कदम से दूरदराज के पहाड़ी और ग्रामीण इलाकों से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने वाले छात्रों को बहुत बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। परिवहन निगम की प्रबंध निदेशक रीना जोशी ने बताया कि इस फ्री यात्रा के लिए छात्रों को किसी भी तरह के रजिस्ट्रेशन या अतिरिक्त डॉक्यूमेंट की जरूरत नहीं होगी। सफर के दौरान छात्रों को बस अपना नीट–यूजी 2026 का वैलिड एडमिट कार्ड दिखाना होगा, जिसे ही यात्रा का मुख्य दस्तावेज माना जाएगा। हालांकि, परिवहन निगम ने यह भी साफ किया है कि यह सुविधा सिर्फ साधारण श्रेणी की बसों में ही मिलेगीय एसी, वॉल्वो या अन्य लग्जरी बसों में इसका लाभ नहीं उठाया जा सकेगा।

## राहुल गांधी के बयान से कांग्रेस–सीपीएम में घमासान, बीजेपी ने ली चुटकी

नई दिल्ली। विपक्षी गठबंधन एक बार फिर अंदरूनी कलह के संकट में घिर गया है। इस बार कांग्रेस और वामपंथी दलों के बीच दरारें खुलकर सामने आ गई हैं। विवाद की वजह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का एक बयान है। दरअसल, पिछले हफ्ते एक कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और सीपीएम के कद्दावर नेता पिनाराई विजयन को गले लगाने से साफ इनकार कर दिया था, जिसके बाद से सहयोगी दल उनकी तीखी आलोचना कर रहे हैं। इंडी गठबंधन की 8 जून की बैठक का एक ऑडियो सामने आया है, जिसमें राहुल गांधी को यह कहते हुए सुना जा सकता है, ष्हमारी अपनी लड़ाइयां होती हैं। लेकिन अगर आप मुझसे केरल के पूर्व मुख्यमंत्री को गले लगाने के लिए कह रहे हैं, तो मैं ऐसा नहीं कर सकता और न ही करूंगा, क्योंकि उनके साथ मेरी राजनीतिक लड़ाई चल रही है।ष बता दें कि केरल में सीपीएम और कांग्रेस एक–दूसरे के कड़े विरोधी हैं, जहां कांग्रेस ने हाल ही में विजयन को सत्ता से बाहर किया है। हालांकि, राष्ट्रीय स्तर पर दोनों पार्टियां एक ही गठबंध ान का हिस्सा हैं। विजयन का पलटवार: राहुल गांधी की इस टिप्पणी पर पिनाराई विजयन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमारे बीच गले मिलने का कोई रिवाज नहीं है और उनकी बातचीत हमेशा औपचारिक हाथ मिलाने तक ही सीमित रहती है।

## पाकिस्तान से बातचीत पर आरएसएस का रुख साफ

### संघ प्रमुख मोहन भागवत बोले– जनता से संवाद जरूरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने पड़ोसी देश पाकिस्तान को लेकर एक बड़ा और बेहद महत्वपूर्ण बयान दिया है। केरल के तिरुवनंतपुरम में संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के दौरान उन्होंने साफ किया कि पाकिस्तान की सरकार को लेकर संघ का रुख बिल्कुल वही रहेगा, जो भारत सरकार की आधि ाकारिक नीति है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वहां के आम नागरिकों के साथ बातचीत के



दरवाजे हमेशा खुले रहने चाहिए।

मोहन भागवत ने हाल ही में संघ के सीनियर पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबाले के उस बयान का खुलकर समर्थन किया, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान के साथ बातचीत की खिड़की खुली रखने की वकालत की थी। भागवत ने स्पष्ट किया कि होसबाले का इशारा पाकिस्तान की सत्ता या सरकार की तरफ नहीं था, बल्कि वे वहां की आम जनता के साथ संवाद की बात कर रहे थे।

### हम हिटलर नहीं हैं

भारत के पारंपरिक और मानवीय मूल्यों का हवाला देते हुए मोहन भागवत ने कहा, ष्हम हिटलर की तरह क्रूर नहीं हैं, यह हमारा स्वभाव और हमारी संस्कृति नहीं है। अगर भविष्य में हम अन्याय और अत्याचार को पूरी तरह हरा भी देते हैं, तब भी हमें वहां के अच्छे लोगों को संभालना होगा। या तो उन्हें मुख्यधारा में शामिल करना होगा या फिर उन्हें शांति से जीने का मौका देना होगा। इसके लिए बातचीत का रास्ता खुला रखना बेहद जरूरी है।ष उन्होंने एक बार फिर साफ किया कि विदेश नीति को लेकर आरएसएस की कोई अलग लाइन नहीं है और संघ पूरी तरह से केंद्र सरकार के फैसलों के साथ खड़ा है। इस बयान से स्पष्ट है कि संघ आतंकवाद के खिलाफ सख्त है, लेकिन आम नागरिकों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण रखने का पक्षधर है।

## इमैनुएल मैक्रों ने माना भारत का लोहा, बोले– Indian Startups अब दुनिया पर छाएंगे

नीस। फ्रांस के नीस शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मिलकर भारत इनोवेट्स (Bharat Innovates) कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन किया। इस खास इवेंट में भारत, फ्रांस और दुनिया के कई अन्य देशों के बड़े–बड़े स्टार्टअप्स, इनोवेटर्स और वेंचर कैपिटल फंड्स एक मंच पर एक साथ आए हैं। इसका मकसद ग्लोबल लेवल पर नई तकनीकों और बिजनेस आइडियाज को मिलकर बढ़ावा देना है।

राष्ट्रपति मैक्रों बोले– सवाल यह था कि भारत के साथ कौन पार्टनरशिप करेगा

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। मैक्रों ने अपने भाषण में कहा, ष्आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नीस में आपका स्वागत करना हमारे लिए बेहद सम्मान की बात है। कुछ महीने पहले, हमने मुंबई में मिलकर श्फ्रांस–भारत इनोवेशन वर्षश की शुरुआत की थी।

### चंद्रयान–3 की सफलता और भारत के स्पेस पावर की तारीफ

फ्रांस के राष्ट्रपति ने भारत की वैज्ञानिक ताकत का लोहा मानते हुए श्चंद्रयान–3श का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत आज रिसर्च और इनोवेशन के दम पर ग्लोबल इनोवेशन में सबसे आगे खड़ा है। अगर भारत की ताकत का कोई सबसे अच्छा उदाहरण देना हो, तो वह उसका स्पेस सेक्टर है। चंद्रयान–3 मिशन के साथ चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने की ऐतिहासिक उपलब्धि भारत ने रिकॉर्ड समय में हासिल की, जो पूरी दुनिया के सामने भारत की ताकत और उसकी इनोवेशन क्षमता की मिसाल है।

### पीएम मोदी के नाम दर्ज हुए रिकॉर्ड पर दी बधाई

*राष्ट्रपति मैक्रों ने हाल ही में देश के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्री बनने पर पीएम मोदी को विशेष बधाई दी। उन्होंने कहा, ष्आजादी के बाद से आप भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रध ाानमंत्री बन गए हैं। यह एक बहुत लंबा सफर रहा है, जो आपके दृढ़ संकल्प, अटूट संकल्प और आपके देश की ताकत को दिखाता है। यह वाकई में एक शानदार और उल्लेखनीय उपलब्धि हैय इसलिए हमारे बीच आपकी मौजूदगी पर हमें बहुत गर्व है।ष*

## गोरक्षपीठाधीश्वर ने की गोसेवा, बच्चों पर लुटाया प्यार'

गोरखपुर।' गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान रविवार सुबह भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। प्रातःकाल महायोगी गुरु गोरखनाथ, ब्रह्मलीन गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ जी का आशीर्वाद लेने के बाद सीएम योगी ने मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। गोवंश को अपने हाथ से गुड़–रोटी खिलाकर उन पर स्नेह बरसाया। फिर मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए परिजनों के साथ आए बच्चों को पास बुलाकर उन्हें दुलारा, पढ़ाई के बारे में बातचीत की और उन्हें चॉकलेट दी। 'जनता दर्शन' के दौरान भी सीएम ने बच्चों को चॉकलेट दी और खूब मन लगाकर पढ़ने–आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

# टीएमसी बागी गुट ने बदली राह

### नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी से हाथ मिलाने का एलान, लोक सभा अध्यक्ष को सौंपी चिट्ठी

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस की नेता काकोली घोष दस्तीदार का कहना है कि 20 लोगों का बागी गुट नेशनिस्ट सिटिजन्स पार्टी में विलय करेगा। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात के बाद, बागी ज्डब् सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने कहा कि हमने बैठने के लिए अलग इंतजाम करने का अनुरोध किया है। हमने कहा है कि हम नेशनिस्ट सिटिजन्स पार्टी में विलय कर रहे हैं।



तृणमूल में और गहराया आंतरिक संकट: इस कदम से तृणमूल के अंदर का संकट और भी गहरा गया है, जिसके लोकसभा में 28 सांसद हैं। साथ ही, संसद के मॉनसून सत्र से पहले निचले सदन में विपक्ष की संख्या भी काफी कम हो जाएगी। सूत्रों ने बताया कि यह फैसला कानूनी पेचीदगियों के बचने के लिए लिया गया है, जो आम तौर पर एक अलग गुट बनाने पर सामने आती हैं।

कीर्ति आजाद ने लोकसभा स्पीकर को सौंपा पत्र: इससे पहले आज, तृणमूल के कीर्ति आजाद और सागरिका घोष ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की और पार्टी के नंबर दो नेता और संसदीय दल के प्रमुख अभिषेक बनर्जी का एक पत्र सौंपा। पत्र में स्पीकर से बागी गुट को स्वीकार न करने का आग्रह किया गया था, क्योंकि राजनीतिक पार्टी ही सर्वोपति होती है, न कि विध ाायी दल। पत्र में लिखा था, ष्लोकसभा में विधायी दल का अस्तित्व राजनीतिक पार्टी से ही बनता है और वह उसी का एक हिस्सा होता है। कोई भी सदस्य या सदस्यों का समूह अपनी मर्जी से उसी पार्टी का कोई समानांतर समूह या गुट नहीं बना सकता और सदन के भीतर स्वतंत्र मान्यता का दावा नहीं कर सकता।ष अदालत के एक संबंधित आदेश का हवाला देते हुए पत्र में कहा गया कि कानून किसी राजनीतिक पार्टी के प्रतिस्पर्धी समूहों में बंटने को जायज नहीं मानता है। इसके बजाय, ऐसे व्यवहार को अयोग्यता के नजरिए से देखा जाता है।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एनडीए के साथ मिलकर काम करेंगे: काकोली घोष

टीएमसी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने कहा, ष्ज्डब् से चुने गए हम बीस सांसदों ने स्पीकर से मुलाकात की और अलग बैठने का अनुरोध करते हुए एक पत्र सौंपाय ये बीस सांसद हमारी कुल संख्या का दो–तिहाई से ज्यादा हिस्सा हैं। हम नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी में विलय कर रहे हैं। आगे चलकर, हम देश के लिए काम करेंगे और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एनडीए के साथ मिलकर काम करेंगे।ष

## एग्जाम स्पेशल ट्रेन में देरी पर भड़के छात्र, स्टेशन पर की तोड़फोड़

पाटलिपुत्र। पटना के पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर




शनिवार देर रात छात्रों ने जमकर बवाल काटा। दरअसल, बिहार पुलिस मद्य निषेध विभाग की भर्ती परीक्षा देने जा रहे हजारों छात्र ट्रेनों की कमी और उनके लेट होने से नाराज थे। देखते ही देखते यह गुस्सा हिंसक प्रदर्शन में बदल गया। गुस्साए छात्रों ने रेलवे ट्रैक पर कूदकर ट्रेनों को रोक दिया, पथराव किया और एग्जाम स्पेशल ट्रेन में तोड़फोड़ भी की। भीड़ को हटाने के लिए पुलिस को आंसू–गैस के गोले छोड़ने पड़े।

पथराव में रेल आईजी घायल, पुलिस ने संभाला मोर्चा

घटना की खबर मिलते ही रेल आईजी जितेंद्र राणा, रेल एसपी, आरपीएफ और जिला पुलिस के कई सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने छात्रों को समझाने की बहुत कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने। इस दौरान हुए पथराव में रेल आईजी जितेंद्र राणा और कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।

### आखिर क्यों हुआ यह बवाल?

मद्य निषेध विभाग की परीक्षा दो शिफ्टों में होनी थी, जिसके लिए हजारों छात्र रात में ही स्टेशन पहुंच गए थे। स्टेशन पर पर्याप्त ट्रेनें न होने और गाड़ियों के लेट होने की वजह से छात्रों को डर सताने लगा कि कहीं उनका एग्जाम न छूट जाए। इसी बीच जब पाटलिपुत्र से कटिहार के लिए चलाई गई एग्जाम स्पेशल ट्रेन स्टेशन पहुंची, तो छात्रों में अफरातफरी मच गई। नाराज छात्र ट्रेन के आगे पटरी पर लेट गए और रेल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे, जिससे ट्रेनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई।

### कई ट्रेनों के बदले रूट, राजधानी भी रुकी

इस हंगामे की वजह से पाटलिपुत्र स्टेशन से गुजरने वाली कई जरूरी ट्रेनों का सफर रुक गया। राजधानी एक्सप्रेस समेत कई बड़ी ट्रेनों को बीच रास्ते में ही रोकना पड़ा, जबकि कुछ ट्रेनों का रूट बदलना पड़ा।

## ईमानदारी की मिसाल बने कांस्टेबल प्रशांत यादव का स्थानांतरण, फखरपुर से कोतवाली देहात भेजे गए

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। अपनी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और बेदाग छवि से जनता के बीच विशेष पहचान बनाने वाले कांस्टेबल प्रशांत यादव का स्थानांतरण थाना फखरपुर से कोतवाली देहात कर दिया गया है। उनकी नई तैनाती की खबर से जहां फखरपुर क्षेत्र के लोग भावुक नजर आए, वहीं उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं भी दी जा रही हैं।फखरपुर थाने में तैनाती के दौरान प्रशांत यादव ने कानून–व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने अपने मददगार और संवेदनशील व्यवहार से आमजन का विश्वास जीता। क्षेत्र में उनकी पहचान ऐसे पुलिसकर्मी के रूप में बनी, जो हर पीड़ित की समस्या को गंभीरता से सुनते थे और बिना किसी भेदभाव के न्याय दिलाने का प्रयास करते थे।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशांत यादव जैसे ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मी विभाग की शान हैं। उनके कार्यकाल को फखरपुर की जनता लंबे समय तक याद रखेगी।ष्प्रशांत यादव जैसे ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मी विभाग का गौरव हैं। उनका कार्यकाल फखरपुर के लिए मिसाल रहेगा।ष् स्थानीय नागरिकस्थानांतरण की सूचना मिलते ही क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों और स्थानीय लोगों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य और नई जिम्मेदारी में सफलता की कामना की।



## एआईएमआईएम नेता का मंत्री ओम प्रकाश राजभर पर बड़ा हमला

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। जनपद बहराइच में राजनीतिक माहौल उस समय गरमा गया, जब ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन के एक नेता ने उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर पर तीखा हमला बोलते हुए विवादित बयान दे दिया। इस बयान के बाद क्षेत्र में सियासी हलचल तेज हो गई है।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म शएक्सश पर प्रसारित जानकारी के अनुसार, एआईएमआईएम नेता ने मंत्री ओम प्रकाश राजभर की हालिया बयानबाजी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक हो चुकी है और स्वास्थ्य संबंधी कारणों की वजह से वह इस प्रकार के बयान दे रहे हैं।नेता ने कहा,राजभर की उम्र 60 वर्ष से ज्यादा हो गई है। वह मानसिक रूप से डिस्टर्ब चल रहे हैं। वह ब्रेन स्ट्रोक के भी शिकार हो चुके हैं, इसी वजह से वह उलूल–जुलूल बयान देते रहते हैं।यह बयान सामने आते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। समर्थकों और विरोधियों के बीच इसे लेकर बहस छिड़ गई है। एक ओर एआईएमआईएम समर्थक नेता के बयान का समर्थन कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मंत्री ओम प्रकाश राजभर के समर्थकों और उनकी पार्टी की प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है।बहराइच में इस बयानबाजी के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में यह मुद्दा और तूल पकड़ सकता है तथा दोनों पक्षों के बीच जुबानी जंग और तेज हो सकती है।



## मुहर्रम के मद्देनजर ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उतरौला (बलरामपुर)। आगामी मुहर्रम पर्व की तैयारियों को लेकर इमामिया ट्रस्ट की ओर से प्रशासन को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर विभिन्न समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई। इमामिया ट्रस्ट के अध्यक्ष ऐमन रिज़वी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सरोज से मुलाकात कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया।ज्ञापन में मुहर्रम जुलूस के मार्गों पर वाटर सप्लाई लाइन बिछाने के लिए की गई खुदाई के कारण जर्जर हो चुकी सड़कों और क्षतिग्रस्त नालियों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की गई। इसके अलावा जुलूस मार्गों पर नीचे लटक रहे विद्युत तारों को दुरुस्त कराने, साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था करने तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही गई।प्रतिनिधिमंडल ने मुहर्रम के दौरान आयोजित होने वाले भंडारों के लिए गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने की भी मांग की।इस दौरान अनीसुल हसन एडवोकेट, डॉ. अलीनवाज (अध्यक्ष, मोहर्रम कमेटी), सैय्यद नुसरत हुसैन, हैदर अब्बास और इमामिया ट्रस्ट के खजांची शव्वाल सहित कई लोग मौजूद रहे।उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सरोज ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा।

## आरक्षी का शराब के नशे वाला वीडियो वायरल

जौनपुर । एक मुख्य आरक्षी का शराब के नशे में धुत होने का वीडियो सामने आया है। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मुख्य आरक्षी रामधनी यादव को निलंबित कर दिया है और उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।वीडियो में मुख्य आरक्षी रामधनी यादव शराब के नशे में रोते–बिलखते और अपने थाना प्रभारी पर टिप्पणी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वह वर्दी में ही बेसुध पड़े थे, जिससे उनकी पैंट भी गीली हो गई थी। रामधनी यादव सुजानगंज थाने में तैनात हैं। उन्हें बक्शा क्षेत्र के कौली गांव में हुई अजय सिंह की हत्या के मामले में ड्यूटी पर लगाया गया था।राहगीरों और स्थानीय लोगों ने इस दृश्य को देखकर पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए। वीडियो सामने होने के बाद स्थानीय लोगों ने चिंता व्यक्त की कि यदि पुलिसकर्मी ही ऐसी हालत में होंगे, तो आम जनता की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी।

# संगठन विस्तार और पत्रकार हितों पर मंथन की चर्चा के साथ पत्रकार समाज कल्याण समिति की त्रैमासिक बैठक संपन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोन्डा। जनपद में पत्रकार हितों की आवाज बुलंद करने वाले संगठन पत्रकार समाज कल्याण समिति की त्रैमासिक बैठक हुआ सम्पन्न।बता दें रविवार को चौधरी चरण सिंह सिंचाई डाक बंगले के सभागार में बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुई।बैठक में जनपद के आसपास के क्षेत्रों के साथ–साथ दूर–दराज से आए पत्रकारों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।सभी ने अपने–अपने विचार रखते हुए पत्रकारिता के वर्तमान हालात और संगठन को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की।बैठक की शुरुआत में अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार डीएन शुक्ला ने कहा कि आज के दौर में पत्रकारों के सामने चुनौतियाँ बहुत बढ़ गई हैं।डिजिटल युग में फेक न्यूज और सोशल मीडिया का दबाव लगातार बढ़ रहा है।ऐसे में एक मजबूत और संगठित मंच की जरूरत है जो पत्रकारों के हितों की रक्षा कर सके।उन्होंने जोर देकर कहा कि समिति का विस्तार करके ब्लॉक और तहसील स्तर तक इकाइयों का गठन किया जाए, ताकि हर पत्रकार की आवाज ऊपर तक पहुंच सके।बैठक में संगठन की मजबूती के साथ–साथ सामाजिक सरोकारों पर भी गहन मंथन हुआ।वक्ताओं ने सर्वसम्मति से यह तय किया कि पत्रकार समाज कल्याण समिति केवल पत्रकारों की समस्याओं तक सीमित नहीं रहेगी,बल्कि समाज सेवा के कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभाएगी।डॉ जयप्रकाश ओझा ने कहा कि जब पत्रकार समाज के साथ खड़ा होगा, तभी समाज भी पत्रकारों के मान–सम्मान को बढ़ाएगा।पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए कई सदस्यों ने प्रेस कार्ड,दुर्घटना बीमा और आर्थिक तंगी का मुद्दा उठाया। जिलाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र लाल गुप्ता ने सुझाव दिया कि समिति के बैनर तले एक ष्पत्रकार सहायता कोषष बनाया जाए,जिससे जरूरतमंद साथियों की आर्थिक मदद की जा सके।वहीं महिला पत्रकार भारती पांडे और लक्ष्मी पांडे ने महिला पत्रकारों की सुरक्षा और कार्यस्थल पर सम्मान का मुद्दा उठाते हुए कहा कि समिति को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए।संगठन विस्तार को लेकर अमित गर्ग ने प्रस्ताव रखा कि हर महीने कम से कम एक नए क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाया जाए और नए पत्रकारों को समिति से जोड़ा जाए।इस प्रस्ताव को सभी ने हाथ उठाकर समर्थन दिया।बैठक में यह भी तय हुआ कि समिति की ओर से हर तिमाही एक बैठक का आयोजन हो।बैठक के अंत में महामंत्री विजय कुमार सोनी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि पत्रकार समाज कल्याण समिति अब केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक परिवार बन चुकी है। हमारा लक्ष्य है कि जनपद का हर पत्रकार इस परिवार का हिस्सा बने और मिलकर पत्रकारिता के गौरव को बढ़ाएं। बैठक का संचालन अतुल कुमार श्रीवास्तव ने किया।बैठक मे अमित गर्ग, डी एन शुक्ला, नरेंद्र लाल गुप्ता, भारती पांडे, लक्ष्मी पांडे, गीता जायसवाल, प्रिया, डॉक्टर जयप्रकाश ओझा,सुधीर कुमार सोनी,राम नरेश गुप्ता,अमित कुमार,अतुल कुमार श्रीवास्तव,इकबाल शाह,राकेश कुमार गुप्ता,अनिल यादव, बिंद्रा प्रसाद तिवारी, दीपक श्रीवास्तव एवं राजेश कुमार जायसवाल सहित कई दर्जन सदस्य मौजूद रहे।



## उतरौला–पचपेड़वा–चंदनपुर जर्जर मार्ग के निर्माण को लेकर 15 जून को सपा करेगी शांतिपूर्ण विशाल धरना–प्रदर्शन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गैसड़ी (बलरामपुर)। वर्षों से बदहाल पड़े उतरौला–पचपेड़वा–चंदनपुर मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी ने 15 जून को शांतिपूर्ण विशाल धरना–प्रदर्शन का ऐलान किया है। क्षेत्र की जनता लंबे समय से इस जर्जर सड़क से आवागमन करने को मजबूर है, लेकिन तमाम शिकायतों और मांगों के बावजूद अब तक सड़क निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क की दुर्दशा को लेकर कई बार समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हुईं। शासन–प्रशासन के अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी इसी मार्ग से लगातार गुजरते रहे, लेकिन सड़क की बदहाली दूर करने के लिए कोई प्रभावी पहल नहीं की गई। कई बार मरम्मत और लेपन के नाम पर खानापूर्ति कर दी गई, जबकि सड़क की वास्तविक स्थिति जस की तस बनी रही।गड्ढों से भरे इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। दोपहिया, चौपहिया वाहनों और ई–रिक्शा के पलटने से कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। इसके बावजूद जिम्मेदारों की नींद नहीं टूटी और जनता को सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा।इन्हीं समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी की अगुवाई में गैसड़ी विधायक राकेश कुमार यादव के नेतृत्व में 15 जून 2026 को दोपहर 2 बजे राम–जानकी मंदिर के सामने, सड़क के पश्चिमी हिस्से स्थित गनेशपुर बाजार में शांतिपूर्ण विशाल धरना–प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।विधायक राकेश कुमार यादव ने कहा कि उन्होंने सड़क निर्माण के लिए कई बार संबंधित विभागों और शासन को पत्र लिखकर मांग उठाई, लेकिन निर्माण कार्य में कोई तेजी नहीं लाई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि बदले की भावना के चलते सड़क निर्माण की अनदेखी की जा रही है, जिससे क्षेत्र की जनता को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने कहा, ष्जनता के दुख–दर्द हमारे अपने दुख–दर्द हैं। जनता के भरोसे और आशीर्वाद से मैं विधायक बना हूं और उनके हितों के लिए हमेशा संघर्ष करता रहूंगा। सड़क निर्माण न होने की मजबूरी में हमें धरना–प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है।षविधायक ने कहा कि श्रद्धेय पूर्व राज्य मंत्री डॉ. एसपी यादव भी जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष का रास्ता अपनाते थे और उन्हीं के पदचिह्नों पर चलते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में धरना–प्रदर्शन में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।इस धरना–प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, सांसद राम शिरोमणि वर्मा, पूर्व विधायक रामसागर अकेला, मसूद खां, जगराम पासवान, रामनिवास मौर्य और ओंकार नाथ पटेल सहित समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है।



## गरीब बेवा महिला के मकान पर अवैध कब्जे का प्रयास, एसपी से लगाई न्याय की गुहार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। जनपद के थाना हरदी क्षेत्र से एक गरीब बेवा महिला को दबंगों द्वारा प्रताड़ित किए जाने और उसके अर्द्धनिर्मित मकान पर अवैध कब्जा करने के प्रयास का मामला सामने आया है। स्थानीय पुलिस से राहत न मिलने पर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) बहराइच से न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़िता श्रीमती रीता देवी, पुत्री यदुनन्दन, ग्राम मुन्नीलालपुरवा (दा. हरदी गौरा), थाना हरदी, जनपद बहराइच की निवासी हैं। उन्होंने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह एक गरीब बेवा महिला हैं और उनके तीन छोटे–छोटे बच्चे हैं। परिवार में उनकी देखभाल करने वाला कोई अन्य सदस्य नहीं है।रीता देवी के अनुसार, 16 मई 2020 को उनके चचेरे भाई, पिता और चाचा ने अपने–अपने हिस्से की आबादी भूमि इकरारनामा के माध्यम से उन्हें मकान निर्माण के लिए दे दी थी। मजदूरी कर उन्होंने उस भूमि पर मकान की दीवारें खड़ी कर लीं, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण वह अभी तक पक्की छत नहीं डलवा सकीं। अब वह अपने बच्चों को सिर छिपाने के लिए टीन शेड लगवाने का प्रयास कर रही हैं।पीड़िता का आरोप है कि गांव के कुछ दबंग और भू–माफिया प्रवृत्ति के लोग उनके अर्द्धनिर्मित मकान पर कब्जा करना चाहते हैं। शिकायत में उन्होंने मधुबन पाठक, मुन्ना, रामसेवक, विमल और कुमार को नामजद करते हुए आरोप लगाया है कि ये लोग उन्हें मकान पर टीन शेड नहीं डालने दे रहे हैं और लगातार दबाव बना रहे हैं।रीता देवी का कहना है कि उन्होंने कई बार थाना हरदी में शिकायत की, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि पुलिस ने उनसे कहा कि, ष्कप्तान साहब और डीएम साहब का आदेश लेकर आओ, तब पुलिस भेजकर टीन डलवा देंगे।ष्स्थानीय स्तर पर सुनवाई न होने के बाद पीड़िता एसपी कार्यालय पहुंचीं और न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते उन्हें सुरक्षा नहीं मिली, तो उनके मासूम बच्चों को बरसात और भीषण गर्मी में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर होना पड़ेगा।पीड़िता ने एसपी बहराइच से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने, उन्हें पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा उनके मकान पर टीन शेड डलवाने में प्रशासनिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।



## पयागपुर के जन आरोग्य मेले में 176 मरीजों का हुआ उपचार, 25 किशोरियों को लगी एचपीवी वैक्सीन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

पयागपुर, बहराइच। विकास खंड पयागपुर के अंतर्गत रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस बार मेले का मुख्य आकर्षण किशोरियों के लिए चलाया गया विशेष एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) टीकाकरण अभियान रहा।स्वास्थ्य विभाग द्वारा खुटेहना, वभनियावा, रामनगर, खजुरी, मुंडेरवा ठकुराइन और पहलवारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। इस अभियान का उद्देश्य बालिकाओं को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करना है।सीएचसी पयागपुर के अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र तिवारी ने बताया कि एचपीवी टीका सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में बेहद प्रभावी है। उन्होंने कहा कि मेले में आए लाभार्थियों का पंजीकरण कर निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षित टीकाकरण किया गया।जन आरोग्य मेले में कुल 176 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार किया गया। इनमें 80 पुरुष, 60 महिलाएं और 36 बच्चे शामिल रहे, जबकि 25 किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई।ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर अनुपम शुक्ल ने बताया कि अब यह टीकाकरण अभियान प्रत्येक रविवार को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा माह के तीसरे शुक्रवार को सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर संचालित किया जाएगा। आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और एएनएम के सहयोग से यह अभियान लगातार जारी रहेगा।मेले के दौरान बीपीएम अनुपम शुक्ल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंडेरवा ठकुराइन का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। साथ ही मरीजों और तीमारदारों को आयुष्मान भारत योजना, आभा आईडी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं सहित विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।इस अवसर पर एएनएम पूर्णिमा सिंह, अनीता प्रजापति, सरिता, रंजनबाला और माधुरी यादव सहित क्षेत्र की कई आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।




## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर व स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को डुमरियागंज एवं भनवापुर ब्लाक परिसर में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों एवं प्रदर्शनी का अतिथियों तथा आमजन ने अवलोकन किया।नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रप्रकाश वर्मा तथा धर्मराज वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अंत्योदय के संकल्प को धरातल पर उतारने का यह आयोजन एक सशक्त माध्यम है। प्रदर्शनी के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों एवं योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाया जा रहा है।मेले में स्वास्थ्य विभाग के स्टाल पर चिकित्सकों द्वारा लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया। इसके अलावा विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर अपनी योजनाओं की जानकारी दी और विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को प्रमाण–पत्र वितरित किए गए।कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी विवेकानन्द मिश्रा, खंड विकास अधिकारी विजय सिंह, डा. विनोद मणि त्रिपाठी, डा. शैलेन्द्र मणि ओझा, डा. विकास चौधरी, विवेक कुशवाहा, प्रभाकर सोनी, गणेश विश्वकर्मा, अमरेन्द्र त्रिपाठी, लालजी शुक्ला, दिलीप पाण्डेय, भीम चौधरी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## बभनी बुजुर्ग का दौरा करेंगे प्रभारी मंत्री, ग्रामीणों में उपजे असंतोष को कम करने का होगा प्रयास

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उतरौला (बलरामपुर)। जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार में खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा सोमवार को विकास खंड उतरौला की ग्राम पंचायत बभनी बुजुर्ग का दौरा करेंगे। इस दौरान वह चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे और गांव में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेंगे।मंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। गांव में साफ–सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए दर्जनों सफाई कर्मियों को लगाया गया है। गली–मोहल्लों और संपर्क मार्गों पर जमा गंदगी तथा खरपतवार को हटाने का कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है।भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि प्रभारी मंत्री ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुनेंगे और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश देंगे।बताया जा रहा है कि ग्राम सभा के अहिरौला गांव में पिछले महीने हुई धनराज मौर्य की हत्या के बाद प्रशासन के खिलाफ ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। प्रभारी मंत्री ग्रामीणों से वार्ता कर उपजे असंतोष को कम करने का प्रयास भी करेंगे।हालांकि, मृतक के परिजनों को मुआवजा दिए जाने और तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक को निलंबित किए जाने की मांग अभी तक पूरी नहीं हुई है। ऐसे में प्रभारी मंत्री को ग्रामीणों के विरोध और तीखे सवालों का सामना भी करना पड़ सकता है।अब सभी की निगाहें मंत्री के दौरे पर टिकी हैं कि क्या वह ग्रामीणों की नाराजगी दूर कर उनकी लंबित मांगों के समाधान का भरोसा दिला पाएंगे।

## चोरी के दो मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

जौनपुर। बढती चोरीध्तस्करी की घटनाओ के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे सघन चेलकिंग अभियान के तहत जीआरपी थानाध्यक्ष थानाध्यक्ष सुनील कुमार गोंड़ के नेतृत्व में चेकिंग की जा रही थी, इस दौराने जौनपुर जक्शन के प्लेटफार्म न0– 01 पर मौजूद थे कि आरपीएफ चौकी प्रभारी जफराबाद हरकेश कुमार ने शाहगंज साइड की तरफ बने फुट ओवर ब्रिज के सीढी के नीचे एक संदिग्ध व्यक्ति चोरी की मोबाइन यात्री को दिखाकर बेचने की बात चीत कर रहे राकेश मोदनवाल पुत्र जोगेन्द उर्फ योगेन्द वनवासी पुराना थाना कस्बा सरायमीर थाना सरायमीर जनपद आजमगढ़ गिरफ्तार करके उसके कब्जे से दो अदद मोबालइ (वीवो कम्पनी व आईक्यू कम्पनी चोरी का) बरामद हुआ । अभियुक्त को धारा 305(सी),317, 305(सी),317(2)बीएनएस का अनावरण करते हुये उसे न्यायालय जौनपुर भेजा गया ।

# खेसरहा में स्वच्छ भारत मिशन को झटका: बेलहरा का सामुदायिक शौचालय बंद, केयरटेकर 12 माह से मानदेय से वंचित

दैनिक बुद्ध का सन्देश
खेसरहा। सिद्धार्थनगर जनपद के विकास खंड खेसरहा अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलहरा में स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक शौचालय लंबे समय से बंद पड़ा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि रखरखाव के अभाव और प्रशासनिक उदासीनता के कारण यह सुविधा लोगों के किसी काम नहीं आ रही है। खुले में शौच से मुक्ति और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाया गया यह शौचालय अब सफेद हाथी साबित हो रहा है।शौचालय की देखरेख के लिए नियुक्त केयरटेकर अनीता ने बताया कि उन्हें पिछले लगभग 12 महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं मिला है। मानदेय न मिलने से उनके परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की,






लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका।ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत के खाते से हर महीने शौचालय संचालन के नाम पर धनराशि संबंधित समूह के खाते में भेजी जा रही है, लेकिन केयरटेकर को भुगतान नहीं किया जा रहा। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी तक नहीं हो सकी है।मामले पर ग्राम प्रशासक प्रतिनिधि इंद्रजीत त्रिपाठी ने कहा कि शौचालय संचालन और मानदेय भुगतान से जुड़े पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी। यदि किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता या भ्रष्टाचार पाया गया तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। साथ ही शौचालय को जल्द चालू कर ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराकर बकाया मानदेय के भुगतान और शौचालय के नियमित संचालन की मांग की है।

# खेसरहा विकासखंड के बेलौहा में एक वर्ष से सफाईकर्मी नहीं, गंदगी के बीच जीने को मजबूर ग्रामीण

दैनिक बुद्ध का सन्देश
खेसरहा। विकास खंड खेसरहा के बेलवालगुनही (बेलौहा) गांव में स्वच्छ भारत मिशन की जमीनी हकीकत सवालों के घेरे में है। गांव में जगह–जगह कूड़े के ढेर, जाम नालियां और फैली गंदगी अभियान के दावों की पोल खोल रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि एक वर्ष से गांव में कोई सफाईकर्मी तैनात नहीं है, जिससे सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।बेलौहा क्षेत्र खेसरहा का प्रमुख केंद्र माना जाता है। यहां ब्लॉक मुख्यालय, भारतीय स्टेट बैंक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आईटीआई कॉलेज, डिग्री कॉलेज तथा विकास इंटर कॉलेज जैसे महत्वपूर्ण संस्थान स्थित हैं। इसके बावजूद मुख्य चौराहे और आसपास के क्षेत्रों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जाम नालियों से दुर्गंध फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है।ग्राम प्रधान ने बताया कि पिछले एक वर्ष से गांव में कोई सफाईकर्मी कार्यरत नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व में जब भी सफाईकर्मियों की नियुक्ति हुई, उनका कुछ ही दिनों में स्थानांतरण कर दिया गया। ऐसे में गांव की सफाई व्यवस्था प्रभावित होती रही है।करीब 4500 की आबादी वाले इस गांव के ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। उनका कहना है कि सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता के बड़े–बड़े दावे कर रही है, लेकिन बेलौहा में स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत है। ग्रामीणों ने प्रशासन से स्थायी रूप से सफाईकर्मी की नियुक्ति कर नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो गंदगी के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। अब लोगों को इंतजार है कि आखिर उनका गांव गंदगी से कब आजाद होगा।





# सांसद जगदम्बिका पाल ने किया प्रबुद्धजनों को सम्मानित

दैनिक बुद्ध का सन्देश
उसका बाजार, सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 सफल वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विधानसभा कपिलवस्तु के उसका बाजार क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन लोगों को उनके घर पहुंचकर सांसद जगदम्बिका पाल ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया और सरकार के उपलब्धियों को गिनाया। ग्राम सुगही में बाबा हरी दास इंटर कालेज उसका बाजार के पूर्व प्रधानाचार्य मुनींद्र नाथ दुबे को सम्मानित किया। उपस्थित ग्रामीणों को केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। इस दौरान ग्राम उसकी में नंदलाल, ग्राम कोल्हुआ में चंद्रभान त्रिपाठी, ग्राम बकेनिहा में सन्तोष शुक्ला को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही विकसित भारत के संकल्प, आत्मनिर्भर भारत एवं केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा किया। और कहा कि जनता का विश्वास और सहभागिता ही विकसित भारत के निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है। इसी संकल्प के साथ जनसंपर्क अभियान निरंतर आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राकेश आर्य, सभासद पवन कुमार जायसवाल सहित अनूप सिंह, सचिन चौरसिया आदि लोग उपस्थित रहे।



# खेसरहा में लाखों की लागत से बना आरआरसी सेंटर बना शोपीस, ग्रामीणों ने उठाए सवाल

दैनिक बुद्ध का सन्देश
खेसरहा। सिद्धार्थनगर जनपद के विकास खंड खेसरहा अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलहरा में स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित रिसोर्स रिकवरी सेंटर (आरआरसी) के संचालन को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि लाखों रुपये की लागत से बना यह केंद्र अपने मूल उद्देश्य को पूरा नहीं कर पा रहा है और वर्तमान में शोपीस बनकर रह गया है। ग्रामीणों के अनुसार गांव से निकलने वाले सूखे और गीले कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए आरआरसी सेंटर का निर्माण कराया गया था, लेकिन नियमित संचालन न होने के कारण गांव में जगह–जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। इससे गंदगी फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।ग्रामीण श्रीकेश, जवाहिर, बंटी और ऋषि सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आरआरसी सेंटर को तत्काल प्रभाव से संचालित कराया जाए तथा घर–घर से कूड़ा संग्रहण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।वहीं ग्राम पंचायत प्रशासक इंद्रजीत त्रिपाठी ने बताया कि आरआरसी सेंटर के संचालन को लेकर संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कूड़ा संग्रहण एवं निस्तारण व्यवस्था को प्रभावी बनाकर स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को धरातल पर उतारा जाएगा।ग्रामीणों का कहना है कि यदि आरआरसी सेंटर का नियमित उपयोग शुरू हो जाए तो गांव की स्वच्छता व्यवस्था में बड़ा सुधार संभव है






# खेसरहा के प्रधान संघ अध्यक्ष शिवेंद्र द्विवेदी लखनऊ में हुए सम्मानित

दैनिक बुद्ध का सन्देश
खेसरहा। विकास खंड खेसरहा के प्रधान संघ अध्यक्ष एवं बत्सा ग्राम प्रधान शिवेंद्र द्विवेदी को उनके उत्कृष्ट सामाजिक योगदान और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए






सम्मानित किया गया। राजधानी लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान सभागार में श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्हें विशेष सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान नीति आयोग से संबंधित कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री अनिल राजभर द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया था। शिवेंद्र द्विवेदी को ग्रामीण विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा समाज के विभिन्न वर्गों के हित में किए गए कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद उन्होंने इसे क्षेत्र की जनता, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और सहयोगियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। उनके सम्मानित होने की खबर से खेसरहा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया। लोगों ने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में ग्रामीण विकास और जनसेवा के कार्य आगे भी इसी तरह निरंतर जारी रहेंगे।

# मोहर्रम पर्व को लेकर खेसरहा पुलिस सतर्क, बेलौहा बाजार में किया पैदल गश्त

दैनिक बुद्ध का सन्देश
खेसरहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में आगामी मोहर्रम पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना खेसरहा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के बेलौहा बाजार में पैदल गश्त एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।थाना प्रभारी अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बाजार, सार्वजनिक स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान लोगों से संवाद स्थापित करते हुए शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच भी की तथा आमजन को किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए जागरूक किया।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मोहर्रम पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। क्षेत्र में लगातार गश्त, निगरानी एवं चेकिंग अभियान जारी रहेगा ताकि नागरिक सुरक्षित वातावरण में अपने धार्मिक कार्यक्रम संपन्न कर सकें।खेसरहा पुलिस ने आमजन से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील की है। पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से बेलौहा बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा का माहौल बना रहा।






# सोमवती अमावस्या आज, पीपल के पेड़ की परिक्रमा फलदायक



दैनिक बुद्ध का सन्देश
उसका बाजार, सिद्धार्थनगर। वर्ष 2026 की पहली सोमवती अमावस्या कल 15 जून सोमवार को मनाई जाएगी। यह दिन पितरों की शांति, पवित्र नदियों में स्नान और भगवान शिव की पूजा के लिए अत्यंत शुभ और पुण्यदायी माना जाता है। इस संबंध में श्री पयोहारी आश्रम उसका राजा के महंत लाल बहादुर दास ने बताया कि हिन्दू धर्म में जब अमावस्या सोमवार को पड़ता है तो उसे सोमवती अमावस्या कहते है।उदया तिथि के अनुसार, व्रत और स्नान–दान 15 जून को ही किया जाएगा। सोमवती अमावस्या का महत्व और पूजा विधिस्नान और दानरू इस दिन गंगा, यमुना या किसी भी पवित्र नदी में स्नान करने का बहुत महत्व है। यदि नदी में जाना संभव न हो, तो घर के पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। इसके बाद गरीबों को अनाज, वस्त्र और दान–दक्षिणा दे। यह दिन पितरों की आत्मा की शांति और पितृ दोष से मुक्ति पाने के लिए विशेष है। पितरों के नाम से दान करें और ब्राह्मणों को भोजन कराएं। सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित होता है। इस दिन शिवलिंग पर जल, बेलपत्र, धतूरा और दूध चढ़ाएं। महिलाएं इस दिन पीपल के पेड़ की परिक्रमा करती हैं और धागा लपेटकर अपने सुहाग की लंबी उम्र की प्रार्थना करती हैं जो काफी फलदायक है।

## सेंट फ्रांसिस चिल्ड्रेन एकेडमी में नए शैक्षणिक सत्र 2026–27 के प्रवेश शुरू

दैनिक बुद्ध का सन्देश
पयागपुर (बहराइच)। क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से आशा नगर सुहेलवा, पयागपुर स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सेंट फ्रांसिस चिल्ड्रेन एकेडमी में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विद्यालय में प्ले ग्रुप से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिए दाखिले लिए जा रहे हैं।विद्यालय के संस्थापक आशाराम यादव के मार्गदर्शन में संचालित यह संस्थान बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। विद्यालय का उद्देश्य बच्चों के लिए शिक्षा को आनंददायक बनाना है, ताकि वे खेल–खेल में सीखते हुए अपने व्यक्तित्व का बेहतर विकास कर सकें।विद्यालय में बच्चों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षण प्रदान किया जाता है। उनकी भाषाई दक्षता, पठन–पाठन और संवाद कौशल को विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमता के अनुरूप व्यक्तिगत मार्गदर्शन की व्यवस्था भी की गई है।इसके साथ ही विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा, रचनात्मक गतिविधियों तथा इनडोर एवं आउटडोर खेलों के माध्यम से शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जाता है।विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए समय रहते प्रवेश सुनिश्चित कराएं।

# बस्ती में न्यूरो चिकित्सक की सेवा शुरू: मरीजों को राहत

दैनिक बुद्ध का सन्देश
बस्ती। जनपद में न्यूरों का चिकित्सक न होने के



कारण मरीजों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में न्यूरो रोग विशेषज्ञ डा. अमन सिंह ने बस्ती केयर मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल एण्ड आई सेण्टर हरदिया चौराहा बांसी रोड पर अपनी सेवा देना शुरू किया है। वे महीने में दो दिन दूसरे और चौथे रविवार को अपनी सेवायें दे रहे हैं। डा. अमन सिंह ने बताया कि गर्दन, सिर में दर्द, दीमाग की नस फट जाना, लकवा, दीमाग की नस सूखना, मिर्गी आना, रीढ की हड्डी में दर्द, कमर दर्द, बहरापन आदि के मरीजों का इलाज करते हैं। बस्ती केयर मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल एण्ड आई सेण्टर हर्दिया के प्रबन्धक ने डा. एस.के. गौतम ने बताया कि न्यूरो का चिकित्सक न होने के कारण मजबूरन मरीजों को लखनऊ, गोरखपुर रेफर करना पड़ता था, लोग परेशान रहते थे और इलाज से अधिक किराये आदि में खर्च करना पड़ता था। न्यूरो रोग विशेषज्ञ डा. अमन सिंह द्वारा सेवा देने से मरीजों को उपचार में सुविधा मिली है और उन्हें बेहतर सेवायें गृह जनपद में ही मिल रही है।

# बालों के झड़ने का कारण बन सकती हैं ये 5 गलतियां, इनसे बचें

बालों के झड़ने की समस्या से हर कोई परेशान है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, जिनमें बालों की देखभाल से जुड़ी गलतियां शामिल हैं। अक्सर लोग अपने बालों की देखभाल करते समय कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिनसे बालों की जड़ें कमजोर हो जाती हैं और बाल झड़ने लगते हैं। आइए आज हम आपको बालों की देखभाल से जुड़ी ऐसी गलतियों के बारे में बताते हैं, जो बालों के झड़ने का कारण बन सकती हैं।

रोजाना शैंपू करने की गलती

अगर आप उन लोगों में से हैं, जो रोजाना अपने सिर पर शैंपू करते हैं तो यह बालों की देखभाल से जुड़ी सबसे बड़ी गलती है। रोजाना शैंपू करने से सिर का प्राकृतिक तेल खत्म हो जाता है, जिससे बालों की जड़ें कमजोर होने लगती हैं और बाल टूटने लगते हैं। बेहतर होगा कि आप हफ्ते में 2–3 बार ही अपने सिर पर शैंपू करें। इससे बालों की सेहत बनी रहती है और वे मजबूत बनते हैं।

गीले बालों पर कंघी करने की आदत

गीले बालों पर कंघी करना भी बालों के झड़ने का एक कारण हो सकता है। दरअसल, गीले बाल कमजोर होते हैं और उन पर ज्यादा दबाव पड़ने से वे टूट सकते हैं। इसलिए गीले बालों पर कंघी करने से बचना चाहिए। इसके बजाय आप गीले बालों को सूखे तौलिये से हल्के हाथों से थपथपा सकते हैं। इसके बाद जब बाल थोड़े सूख जाएं तब ही कंघी करें, इससे बाल टूटने की संभावना कम हो जाएगी।

कंडीशनर का गलत तरीके से इस्तेमाल करना

बालों की देखभाल के लिए कंडीशनर का इस्तेमाल करना जरूरी है, लेकिन इसे गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर बालों को नुकसान भी पहुंच सकता है। कई लोग पूरे सिर पर कंडीशनर लगा लेते हैं, जबकि इसे सिर्फ बालों की लंबाई पर लगाना चाहिए। इसके अलावा सिर की जड़ों पर कंडीशनर लगाने से सिर की त्वचा चिपचिपी हो जाती है, जिससे बाल झड़ने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसी गलतियों से बचकर बालों को स्वस्थ रखा जा सकता है।

गर्म पानी से सिर धोना

गर्म पानी से सिर धोना भी एक बड़ी गलती है। गर्म पानी बालों की नमी को छीन लेता है और उन्हें रूखा बना देता है, जिससे बाल टूटने लगते हैं। इसलिए हमेशा अपने सिर को धोने के लिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। इसके अलावा ठंडे पानी से अंतिम धोने से बालों में चमक आती है और वे स्वस्थ दिखते हैं। इस तरह आप अपने बालों को स्वस्थ रख सकते हैं और उनकी चमक बरकरार रह सकती है।

गर्म पानी से सिर धोना

# सम्पादकीय

**फसल विविधीकरण के प्रयास भी जारी हैं, लेकिन किसान की उपज पर्याप्त नहीं होगी, तो वह बाजार में क्या बेचेगा? यदि व्यापार अच्छी तरह नहीं कर पाएगा, तो उसकी आय कैसे बढ़ेगी? औसत किसान आज भी 10,000 रुपए माहवार कमा पाता है। उसमें भी खेती की आमदनी कम और मजदूरी का मेहनताना ज्यादा है। बेशक प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के 12 साल पूरे ...**

## भारत में सूखे के आसार

भारत सरकार को उर्वरक, खाद सबसिडी 3.42 लाख करोड़ रुपए करनी पड़ सकती है। यह सबसिडी कंपनियों को दी जाएगी, ताकि वे खाद का पर्याप्त बंदोबस्त कर सकें। बजट में इस सबसिडी का करीब 1.71 लाख करोड़ रुपए का अनुमान रखा गया था। खाद के संकट के साथ देश की खाद्य–सुरक्षा भी जुड़ी है। यदि कमजोर मॉनसून और अल नीनो के कारण, खाद के अभाव में, उपज कम हुई, तो खाद्यान्न की कमी के कारण देश में खाद्य–संकट के हालात भी बन सकते हैं। कृषि विशेषज्ञ गेहूं, चावल, दलहन की उपज कम आंक रहे हैं, लिहाजा उनके आकलन हैं कि दक्षिण एशिया में सूखे के गंभीर आसार बन रहे हैं। उन देशों में भारत भी शामिल है। फिलहाल सरकार दावा कर रही है कि खाद्यान्न के भंडार भरे हैं, लेकिन बुनियादी समस्या उर्वरक और एलएनजी की है। हमें दोनों का आयात करना पड़ता है। करीब 59 फीसदी एलएनजी खाड़ी देशों से आयात होती रही है, जिसमें करीब 43 फीसदी एलएनजी अकेला कतर हमें सप्लाई करता था। ईरान युद्ध के दौरान मिसाइल हमलों से कतर की रिफाइनरी, एलएनजी के ढांचे, तेल के अन्य ठिकाने नष्ट हुए हैं, लिहाजा कतर को उत्पादन बहुत कम करना पड़ा है, नतीजतन आपूर्ति बाधित है। भारत में अब खरीफ की फसलों की बुवाई का समय है। धान, ईख, मक्का आदि मुख्य फसलें हैं। खाद का भारत का आयात बिल करीब 74 लाख करोड़ रुपए है। सरकार के प्रतिनिधि किसानों को सलाह दे रहे हैं कि यूरिया, डीएपी खाद का इस्तेमाल कम करें। जैविक, प्राकृतिक खेती पर फोकस है, लेकिन सरकारी अधिकारी यह नहीं जानते कि प्राकृतिक खेती के लिए औसत खेत तीन साल में तैयार होता है। यह खेती छोटे भू–भाग पर भी नहीं की जा सकती। किसान जिस खाद का इस्तेमाल करते हैं, उसका एक मोटा हिस्सा जमीन के भीतर रिस कर और भूमिगत जल के साथ मिल कर आसपास के खेतों में चला जाता है। उससे जैविक खेती प्रभावित, खादयुक्त हो जाती है। फिर वह प्राकृतिक खेती रहती ही नहीं। भारत में करीब 6.01 करोड़ टन खाद की सालाना खपत होती है। बेशक 90 फीसदी एनपीके का उत्पादन देश में ही किया जाता है और 87 फीसदी यूरिया का उत्पादन भी हम करने में सक्षम हैं, लेकिन उर्वरक संयंत्रों को चलाने के लिए भी एलएनजी चाहिए। खाड़ी, पश्चिम एशिया में अब भी युद्ध जारी है। बेशक राष्ट्रपति ट्रंप समझौते और युद्धविराम के ढोंग करते रहें, लेकिन हकीकत यह है कि वह युद्ध खत्म करना ही नहीं चाहते। अमरीका का एक तबका युद्ध से डॉलर छाप रहा है। बमबारी जारी है। ईरान ने भी कुवैत, बहरीन, जॉर्डन के अमरीकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल हमले कर उन्हें तबाह किया है। युद्ध के कारण तेल, गैस, खाद और खासकर एलएनजी के आयात और आपूर्ति दोनों ही बाधित हैं। इनके कारण और कमजोर मॉनसून, अल नीनो के प्रभाव से भारत के राजस्थान, गुजरात के कच्छ क्षेत्र, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बिहार, बंगाल और कर्नाटक आदि राज्यों में सूखे, खाद्य–संकट के आसार बन रहे हैं। कम उत्पादन के कारण चावल, दालों, सब्जियों की आपूर्ति और उपलब्धता प्रभावित हो सकती है। उससे खाद्य मुद्रास्फीति में भी बढ़ोतरी की आशंका है। विश्व में 26.6 करोड़ लोग सूखे और खाद्य–संकट के शिकार हो चुके हैं। उन देशों में एशिया के भी कई देश हैं, लेकिन शुक्र है कि भारत फिलहाल उस जमात में नहीं है। सरकारों ने सूखे से निबटने के लिए जिला स्तरीय समितियां बनाई हैं। फसल विविधीकरण के प्रयास भी जारी हैं, लेकिन किसान की उपज पर्याप्त नहीं होगी, तो वह बाजार में क्या बेचेगा? यदि व्यापार अच्छी तरह नहीं कर पाएगा, तो उसकी आय कैसे बढ़ेगी? औसत किसान आज भी 10,000 रुपए माहवार कमा पाता है। उसमें भी खेती की आमदनी कम और मजदूरी का मेहनताना ज्यादा है। बेशक प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के 12 साल पूरे करने का जश्न भाजपा–एनडीए मनाए, लेकिन देश का औसत किसान कब जश्न मना पाएगा, यह भी यक्ष–प्रश्न से कम नहीं है।

## बाबा नीम करोली धाम

उत्तराखंड की खूबसूरत वादियों में बसे नैनीताल जिले का प्रसिद्ध कैंची धाम आज देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के श्रद्धालुओं की आस्था का बड़ा केंद्र बन चुका है। हर साल 15 जून को यहां लाखों भक्तों की भीड़ उमड़ती है, क्योंकि इसी दिन बाबा नीम करोली महाराज ने साल 1964 में कैंची धाम की स्थापना की थी। यही वजह है कि यह दिन बाबा के भक्तों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं माना जाता। स्थापना दिवस के मौके पर धाम में विशाल भंडारे, भजन–कीर्तन और विशेष पूजा का आयोजन किया जाता है। दूर–दूर से आने वाले श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर अपने जीवन में सुख, शांति और कृपा की कामना करते हैं। मान्यता है कि बाबा नीम करोली अपने भक्तों की हर मनोकामना पूरी करते हैं और सच्चे मन से पुकारने पर उनकी सहायता जरूर करते हैं। आखिर कैंची धाम नाम कैसे पड़ा– कैंची धाम का नाम सुनते ही लोगों के मन में यह सवाल जरूर आता है कि आखिर इस जगह को कैंची क्यों कहा जाता है। दरअसल, यह धाम दो पहाडियों के बीच स्थित है, जो देखने में कैंची यानी कैंची के दो फाल जैसी दिखाई देती है। इसी कारण इस स्थान का नाम कैंची धाम पड़ा। कहा जाता है कि बाबा नीम करोली ने इस स्थान की आध्यात्मिक शक्ति को महसूस किया था और इसे साधना और सेवा के लिए चुना। इस बात को सच करती है भक्तों की इस जगह से जुड़ी गहरी आस्था, जहां पहुंचते ही लोगों को एक अलग शांति का एहसास होता है। कौन थे बाबा नीम करोली महाराज– बाबा नीम करोली महाराज को हनुमान जी का परम भक्त माना जाता है। उनका जीवन बेहद सादा, रहस्यमयी और चमत्कारों से भरा हुआ बताया जाता है। भक्त उन्हें प्यार से महाराज जी कहकर पुकारते हैं। कहा जाता है कि बाबा के पास ऐसी दिव्य शक्तियां थीं, जिनसे वे लोगों के दुख दूर कर देते थे। देश–विदेश में बाबा के लाखों अनुयायी हैं। बड़ी बात यह है कि सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी बाबा नीम करोली के भक्तों की संख्या काफी ज्यादा है। पानी को घी में बदलने की प्रसिद्ध कहानी– कैंची धाम से जुड़ी कई चमत्कारी कहानियां आज भी भक्तों के बीच प्रसिद्ध हैं। इनमें सबसे चर्चित कहानी पानी को घी में बदलने की मानी जाती है। बताया जाता है कि एक बार भंडारे के दौरान घी कम पड़ गया था। तब बाबा ने सेवकों से कहा कि नदी से पानी लाकर कड़ाही में डाल दो। भक्तों के अनुसार, बाबा की कृपा से वह पानी घी में बदल गया और भंडारा बिना किसी रुकावट के पूरा हुआ। भक्त इस घटना को बाबा की दिव्य शक्ति का प्रमाण मानते हैं। जब रखी गई कैंची धाम की नींव– बाबा नीम करोली के भक्तों के लिए 15 जून का दिन ऐतिहासिक है। बात साल 1962 की है, जब बाबा नीम करोली पहली बार इस स्थान पर आए थे। उनके साथ स्थानीय संत कश्मीरी बाबा भी थे। बाबा नीम करोली को यह जगह इतनी भाई कि उन्होंने यहां एक आश्रम बनाने का विचार किया। इसके ठीक दो साल बाद, 15 जून 1964 को आश्रम में हनुमान जी की मूर्ति की प्रतिष्ठा की गई। इसी दिन कैंची धाम की औपचारिक स्थापना हुई। तब से लेकर आज तक, हर साल 15 जून को कैंची धाम स्थापना दिवस के रूप में बेहद धूमधाम से मनाया जाता है। कैंची धाम में लगने वाला स्थापना दिवस मेला बेहद भव्य होता है।

## लोकतंत्र बचाने की नयी लड़ाई

**अब हम एक ऐसे असामान्य, असाधारण और अभूतपूर्व शासन को देख रहे हैं, जिसके लिए लज्जा, निंदा, परिमार्जन जैसे शब्द अस्तित्व ही नहीं रखते हैं। लोकलाज की परवाह किए बगैर नरेन्द्र मोदी उस वक्त विदेश चले गए, जब उन्होंने देशवासियों से विदेश न जाने और तेल बचाने जैसी अपील की। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश समेत कई जजों के साथ केन्द्रीय कानून मंत्री और संसदीय कार्यमंत्री इन दिनों लंदन में ...**

कांग्रेस की पूर्व सांसद और मध्यप्रदेश से राज्यसभा उम्मीदवार बनाई गईं मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द करने के फैसले से भोपाल से लेकर दिल्ली तक हंगामा मचा है, जो लोकतंत्र बचाने के लिए जरूरी है और वक्त की मांग भी है। चार साल पहले चंडीगढ़ मेयर चुनाव में जब तत्कालीन रिटर्निंग अधिकारी अनिल मसीह ने मतपत्रों में गड़बड़ी कर भाजपा को जिताया था, तो सारा वाकया कैमरे में रिकॉर्ड हुआ था। सर्वोच्च न्यायालय तक ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया था। लेकिन सत्तारुढ़ भाजपा को न तब कोई फर्क पड़ा, न अब पड़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी इसी बात का जश्न मना रहे हैं कि उन्हें सत्ता पर बैठे बारह साल पूरे हो गए। मीडिया भी इस समय भाजपा के जश्न की खबरों में गले तक डूबा हुआ है। इस देश का मीडिया जागरुक प्रहरी की भूमिका निभाता तो कल से लेकर इन पंक्तियों के लिखे जाने तक उन सवालों पर तीखी बहसें करवा रहा होता, जिन्हें कांग्रेस ने उठाया है। इसके बाद न चुनाव आयोग और न भाजपा का दुस्साहस इतना बढ़ता कि वे इस मामले में कांग्रेस को ही कटघरे में खड़ा करते। क्योंकि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव यही कह रहे हैं कि कांग्रेस ने ही गलती की। वहीं इस मामले को कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान के नजरिए से भी देखा जा रहा है। हालांकि असल मुद्दा यह है कि भाजपा को जिताने के लिए कांग्रेस के साथ या कहें कि लोकतंत्र के साथ बेईमानी की गई है। गौरतलब है कि मीनाक्षी नटराजन का पर्चा 9 जून को रिटर्निंग अधिकारी ने यह कहते हुए रद्द कर



दिया कि उन्होंने तेलंगाना में अपने ऊपर दर्ज आपराधिक मामले का जिक्र नहीं किया। जबकि हकीकत यह है कि उन पर कोई मामला दर्ज नहीं हुआ, कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई, केवल निजी शिकायत मीनाक्षी नटराजन के खिलाफ की गई है। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा है कि किसी की निजी शिकायत पर अदालत से एक नोटिस आया, जिसमें सुश्री नटराजन से कहा गया कि आप आकर हमें बताइए कि हम केस का संज्ञान लें या नहीं। मजिस्ट्रेट द्वारा संज्ञान लेना एक प्राथमिक चरण होता है और उसमें ये फैसला किया जाता है कि केस आगे चलना चाहिए या नहीं। बिना संज्ञान के कोई भी क्रिमिनल केस जन्म ही नहीं लेता है। ध्यान देने की बात ये है कि चुनाव आयोग के कानून में स्पष्ट लिखा है कि प्रत्याशी को सिर्फ वही खुलासा करना है, जिसमें अपराध अगर सिद्ध हो चुका हो और दो साल से ज्यादा की सजा हो। रिटर्निंग अधिकारी को यही देखना होता है। लेकिन इस मामले में मजिस्ट्रेट ने संज्ञान नहीं लिया है। तो आरोप पत्र दाखिल होना और आरोप तय होना बाद की बात है। लेकिन रिटर्निंग अधिकारी ने खुद ही तय कर लिया कि यह आपराधिक मामला है, जिसे मीनाक्षी नटराजन ने छिपाया और इस आधार पर उनका नामांकन रद्द कर दिया। देश की वरिष्ठ वकील तीस्ता सीतलवाड का भी कहना है कि श्जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 33 ए के तहत ऐसी कोई जानकारी तभी दी जानी है जब अदालत आरोप तय कर दे।य अदालत का नोटिस इस बात का सबूत है कि अभी तक आरोप तय नहीं किए गए हैं। जब तक आरोप तय नहीं हो जाते, तब तक जानकारी देने की जरूरत नहीं है। इसलिए रिटर्निंग अधिकारी ने गैर–कानूनी और नियम–विरुद्ध काम किया है। तीस्ता सीतलवाड ने कहा है कि उनके खिलाफ आवाज उठाई जानी चाहिए और उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। हो सकता है कांग्रेस ऐसा करे और रिटर्निंग अधिकारी पर बाद में कार्रवाई हो। लेकिन क्या इससे चुनाव आयोग की जिम्मेदारियां खत्म हो जाती हैं। भाजपा सत्ता पर बने रहने के लिए भले सौ तरह के छल–कपट करे, लेकिन यह तभी कामयाब होंगे, जब देश की संवैधानिक संस्थाएं भी इन कुटिल चालों की तरफ से आंखें मूंद ले। चुनाव आयोग इसी तरह नजरें बचाता दिख रहा है। मंगलवार शाम को जब पता चला कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज किया गया है, तो कांग्रेस नेताओं ने फौरन दिल्ली में केन्द्रीय निर्वाचन आयोग पहुंच कर शिकायत दर्ज कराना चाही। लेकिन उन्हें वहां किस तरह सुरक्षाकर्मियों ने रोका, इसे पूरे देश ने देखा और दुनिया भी देख ही रही होगी कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का निर्वाचन आयोग विपक्ष के सांसदों के साथ कैसा व्यवहार करता है। वहीं मध्यप्रदेश में कांग्रेस से चुनाव आयोग ने कहा कि 2 घंटे में वह जवाब देगा, लेकिन इन पंक्तियों के लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं आया है। इस बीच कांग्रेसियों ने सामूहिक उपवास शुरु किया है। राज्य चुनाव आयोग के दफ्तर में संघ की यूनिफॉर्म लगा दी गई है। कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर अदालत जाने की तैयारी कर रही है, साथ ही राष्ट्रपति के पास भी शिकायत दर्ज की जाएगी। देश में सामान्य तौर पर जब भी राजनैतिक दल को कोई शिकायत होती है, तो इसी तरह के तरीके अपना कर इंसाफ की मांग उठाई जाती है। लेकिन भाजपा शासन में सामान्य तौर–तरीके की परिभाषा बदल चुकी है।

**इससे उनकी खेती की लागत भी कम होगी और जमीन की उर्वरा शक्ति भी बनी रहेगी। इसी प्रकार, उरमूल ने तालाबों को पुनर्जीवित करने और उनका दस्तावेजीकरण करने का अनूठा काम किया है। कुछ वर्ष पहले उन्नति संस्था के साथ मिलकर उरमूल ने तालाबों को बचाने और उनके रखरखाव का दस्तावेजीकरण व जागरूकता का कार्यक्रम चलाया था, जिसमें मैं भी शामिल हुआ था। हमने 5...**

## मरुभूमि में आत्मनिर्भरता की राह

उरमूल यानी उत्तरी राजस्थान मिल्क यूनियन लिमिटेड। 90 के दशक में उरमूल का विकेन्द्रीकरण हुआ। उरमूल ट्रस्ट बना। उरमूल सीमांत समिति नेटवर्क संस्था है। उरमूल की और शाखाएं हैं, पर अब सभी स्वतंत्र ढंग से काम कर रही हैं। विकेन्द्रीकरण की सोच से किया। उरमूल सीमांत का केन्द्र बज्जू गांव (बीकानेर जिला) में स्थित है। इस संस्था द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, कशीदाकारी, कढ़ाई–बुनाई और स्थायी आजीविका, टिकाऊ कृषि, किचन गार्डन जैसे कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। पश्चिमी राजस्थान का यह इलाका थार का मरुस्थल कहलाता है। यहां की मुख्य आजीविका कृ षि और पशुपालन है। इस इलाके में मैं कई बार गया हूं, आज इस यहां की खेती,पशुपालन और आजीविका के बारे में चर्चा करना चाहूंगा, जिससे यह समझा जा सके कि कठिन परिस्थितियों में भी कैसे बेहतर जीवनयापन किया जा सकता है। इस इलाके में उरमूल सीमांत समिति करीब चार दशक से कार्यरत है। उरमूल यानी उत्तरी राजस्थान मिल्क यूनियन लिमिटेड। 90 के दशक में उरमूल का विकेन्द्रीकरण हुआ। उरमूल ट्रस्ट बना। उरमूल सीमांत समिति नेटवर्क संस्था है। उरमूल की और शाखाएं हैं, पर अब सभी स्वतंत्र ढंग से काम कर रही हैं। विकेन्द्रीकरण की सोच से किया। उरमूल सीमांत का केन्द्र बज्जू गांव ( बीकानेर जिला) में स्थित है। इस संस्था द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, कशीदाकारी, कढ़ाई–बुनाई और स्थायी आजीविका, टिकाऊ कृषि, किचन गार्डन जैसे कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। यहां जब मैं पहली बार गया था, तो यह इलाका मैदानी इलाकों से अलग लगा। मरुस्थल यानी शुष्क क्षेत्र। थार के मरुस्थल में दूर–दूर तक रेत के मैदान हैं। रेत के पहाड़ हैं, जिन्हें यहां धोरे कहा जाता है। छोटी कंटीली झाड़ियां हैं। विरल पेड़ पौधे हैं। यहां कम पानी और बहुत गरमी होती है। यहां मैं संस्था से जुड़ी कई महिलाओं से मिला था, जो कशीदाकारी का काम करती थीं, और उन्हें घर बैठे कुछ कमाई हो जाती थी। उरमूल ने अच्छी डिजाइन से लेकर मार्केटिंग तक की कड़ी जोड़ी है, जिससे सैकड़ों महिलाओं को रोजगार उपलब्ध हुआ है। यह सिलसिला आगे बढ़ रहा है। यहां के कार्यकर्ताओं ने बताया था कि साल 1991 के आसपास एक दूसरे क्षेत्र में कशीदाकारी का काम शुरू किया गया। उरमूल से जुड़ी प्रेरणा अग्रवाल बताती हैं कि हम कारीगरों को कपड़े देते हैं, धागा और सुई उपलब्ध कराते हैं, उनसे कशीदाकारी करवाते हैं और फिर बाजार में आपूर्ति करते हैं। महिलाओं को उनके काम का मेहनताना मिल जाता है। कशीदाकारी के काम से कई ग्रामीण महिलाएं जुड़ी हैं। आज यह थार डेजर्ट क्राफ्ट या थार मरूज कला या थारी कशीदाकारी के नाम से देश–दुनिया में विख्यात है। बाजार की मांग व नित बदलते फैशन के दौर में कशीदा उत्पादों में विविधता बढ़ी। पहले कच्छी भरत व सिंधी टांका ही काम में लिए जाते थे। कढ़ाई के बीच कांच लगाए जाते थे। समय के साथ इसमें बदलाव किया गया। यहां की प्रेरणा अग्रवाल बताती हैं कि जब कुछ साल पहले कोविड के दौरान तालाबंदी हुई थी, तब होली के बाद का समय था। गांव के लोग खेती–किसानी के काम में लगे हुए थे। हमने तत्काल स्थिति की गंभीरता को समझा और ग्रामीण कार्यकर्ताओं की मदद के लिए टीम बनाई और पहल शुरू की। वे आगे बताती हैं कि सबसे पहले हमने महिलाओं को मास्क बनाने का प्रशिक्षण दिया। बीकानेर, गंगानगर और हनुमानगढ़ जिले के गांवों में कई केन्द्र बनाए थे। बुनकरों समूहों से सूत बनवाया, और उस कपड़े से सिलाई प्रशिक्षण केन्द्रों में मास्क तैयार करवाए।



मास्क तैयार करने के लिए महिलाओं की पुरानी साड़ियों का इस्तेमाल किया। नापासर, लूनकरणसर के बुनकरों से कपड़ा खरीदा। कपड़े की डोरियां बनवाईं। इस तरह हमने ढाई–तीन लाख मास्क बनाए। उनमें कढ़ाई व कशीदाकारी भी करवाई। इससे हमारे शिल्प इकाई के कर्मचारियों की आजीविका चली। संस्था से करीब 4–5 हजार कारीगर जुड़े हैं, उन्हें लगातार रोजगार मिला, और मास्क से कोविड–19 से बचाव हुआ। उरमूल संस्था शिल्प इकाई से जुड़ी कार्यकर्ता बताती है कि इसका अच्छा असर हुआ। साथ ही उन्हें शिल्प इकाई के माध्यम से दुपट्टे रंगाई का काम दिया गया, जिससे उनके हाथ में कुछ पैसा आए। शिल्प इकाई से जुड़ी महिलाओं ने अपने स्तर पर मास्क बनाकर बेचे। रूनिया बड़ावास गांव की गोगा जी और चाड़ासर गांव की रचना जी ने बड़े पैमाने पर मास्क बनाए और बेच कर कुछ कमाई की। गडियाला की नसीम बानो ने सूती दुपट्टों को रंगाई कर बेचा और कुछ पैसे कमाए। इसी प्रकार, पशुपालन और कृषि यहां की प्रमुख आजीविका है। ऊंट यहां की जीवनरेखा है, किस तरह ऊंटपालकों को मदद की जाए, इसकी कोशिश की जा रही है। डिजर्ट रिसोर्स सेंटर के अंशुल ओझा बताते हैं कि हम न केवल तत्कालीन राहत का करते हैं बल्कि दीर्घकालीन काम भी किया जा रहा है। इसमें चारागाह विकास कार्यक्रम, शिल्प इकाई, टिकाऊ कृषि, किचन गार्डन व दूध डेयरी की गतिविधियां शामिल हैं। टिकाऊ कृ षि कार्यक्रम के तहत जैविक खेती, केंचुआ खाद, जैव कीटनाशक, राठी नस्ल की दुधारू गायों की देखभाल, पशु आहार, चारागाह विकास, बागवानी ( किचन गार्डन) आदि के प्रशिक्षण दिए जाते हैं। इसके अलावा, उरमूल परिसर में कृषि डेमो फार्म भी बनाया गया है, जिसमें केंचुआ खाद, जैव कीटनाशक, फलदार पेड़, बागवानी ( किचन गार्डन), गोबर गैस प्लांट, ड्राई सोलर यूनिट, पशु आहार, चारागाह आदि हैं, जिसे देखकर और सीखकर किसान खुद कर सकें।



# विश्व कप से पहले इंग्लैंड टीम के साथ बड़ी वारदात, लाखों का सामान चोरी, टेक्सास के दो गिरफ्तार

विश्व कप में भाग लेने आई इंग्लैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के सामान की चोरी के मामले में शनिवार देर रात दो व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। दोनों पर चोरी का सामान अपने पास रखने का आरोप है। टीम जब फ्लोरिडा स्थित अपने प्रारंभिक अभ्यास शिविर से कैनसस सिटी स्थित विश्व कप बेस कैंप की ओर रवाना हो रही थी, तभी उसके कुछ उपकरण चोरी हो गए थे। मिसौरी के जैक्सन काउंटी अभियोजकों ने टेक्सास के सैन एंटोनियो निवासी मुस्तफा सालिक और इरफान कमाल पर चोरी की संपत्ति प्राप्त करने का एक–एक गंभीर आपराधिक (क्लास–डी फेलोनी) आरोप लगाया है। इस अपराध में दोषी पाए जाने पर अधिकतम सात वर्ष के कारावास की सजा हो सकती है। अदालत ने दोनों आरोपियों के लिए 75,000 डॉलर की जमानत राशि निर्धारित की है। जैक्सन काउंटी की





अभियोजक मेलेसा जॉनसन ने कहा, "विश्व कप में भाग लेने के लिए यहां आए अंतरराष्ट्रीय दलों सहित किसी भी आगंतुक को निशाना बनाने वाली आपराधिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आरोप शीघ्र दाखिल करने में पुलिस और कानूनी टीम की त्वरित कार्रवाई सराहनीय है।" चोरी हुए सामान का अनुमानित मूल्य लगभग 18,000 डॉलर बताया गया है।

हालांकि इंग्लैंड टीम की तैयारियों के लिए इनमें से कोई भी वस्तु अत्यावश्यक नहीं थी। समाचार एजेंसी एपी द्वारा प्राप्त विवरण के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से नौ जोड़ी फुटबॉल जूते (क्लीट्स), गोलकीपर दस्ताने, विश्व कप फुटबॉल, जर्सी और शॉर्ट्स के कई सेट, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, राष्ट्रीय टीम की हस्ताक्षरित जर्सियां तथा 99.99 डॉलर मूल्य का नाइकी एयर जूतों का एक लेगो सेट बरामद किया गया।

कैनसस सिटी (मिसौरी) के मेयर क्विंटन लुकास ने कहा कि कई राज्यों तक फैली जांच को शीघ्रता से पूरा कर चोरी का सामान बरामद करना और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करना पुलिस तथा अभियोजन पक्ष की बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा, "शहर का सुरक्षा तंत्र सभी आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अपराधियों को शीघ्र जवाबदेह ठहराने के लिए प्रतिबद्ध है।" इंग्लैंड विश्व कप में क्रोएशिया के खिलाफ बुधवार को अपने अभियान की शुरुआत करेगा। कैनसस सिटी में गत चौंपियन अर्जेंटीना और नीदरलैंड की टीमों के भी शिविर लगे हुए हैं।

# फीफा विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने तुर्किए का जश्न बिगाड़ा, 24 साल बाद वापसी पर मिली 2–0 से हार

नेस्टोरी इरंकुंडा और कॉनर मेटकाफ के गोल की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने यहां 2–0 से जीत दर्ज करके तुर्किए की 24 साल बाद विश्व कप फुटबॉल में वापसी के जश्न में रंग में भंग डाल दिया। इस मैच को देखने के लिए फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो भी स्टेडियम में पहुंचे थे। ऑस्ट्रेलिया की जीत का श्रेय उसके गोलकीपर पैट्रिक बीच को भी जाता है जिन्होंने ग्रुप डी के इस मैच में आठ शानदार बचाव किए। ऑस्ट्रेलिया लगातार छठी बार और कुल मिलाकर सातवीं बार विश्व कप में खेल रहा था। तुर्किए 2002 में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा था, लेकिन उसके बाद लगातार पांच टूर्नामेंट में जगह बनाने से चूक गया। उसने इस साल प्लेऑफ में कोसोवो को हराकर क्वालीफाई किया। इरंकुंडा ने तीन डिफेंडरों से घिरे होने के बावजूद27वें मिनट में



निचले शॉट से गोल करके ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिला दी। इरंकुंडा ने ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल के दिग्गज टिम कहिल के इस खेल में योगदान को याद करने के लिए कॉर्नर फ्लैग पर मुक्का मारकर जश्न मनाया। वाटफोर्ड के लिए खेलने वाले 20 वर्षीय इरंकुंडा ऑस्ट्रेलिया की तरफ से विश्व कप में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए हैं। इसके कुछ मिनट बाद बीच ने अब्दुलकरीम बरदाकसी के जोरदार शॉट को रोककर शानदार बचाव किया। ऑस्ट्रेलिया के कोच टोनी पोपोविच ने अनुभवी गोलकीपर मैथ्यू रयान की जगह बीच को शुरुआती एकादश में रखने का चौंकाने वाला फैसला किया जो सही साबित हुआ। तुर्किए को 57वें मिनट में फ्री किक मिली, लेकिन बीच ने बड़ी खूबसूरती से अर्दा गुलेर के शॉट को बचा दिया। रियाल मैड्रिड के लिए खेलने वाले 21 वर्षीय मिडफील्डर गुलेर का जन्म उस समय नहीं हुआ था जब तुर्किए इससे पहले आखिरी बार विश्व कप में खेला था।

कॉनर मेटकाफ ने 75वें मिनट में इस्माइल युकसेक की गलती का फायदा उठाते हुए ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को दोगुना कर दिया। ऑस्ट्रेलिया को पिछले विश्व कप के अपने शुरुआती मैच में फ्रांस से का सामना करना पड़ा था, लेकिन इसके बाद उसने अपने ग्रुप में ट्यूनीशिया और डेनमार्क को हराया था। वह अंतिम 16 में आखिर में चौंपियन बने अर्जेंटीना से हार गया था। तुर्किए तीसरी बार विश्व कप में भाग ले रहा है। उसने 1954 में इस टूर्नामेंट में पदार्पण किया था। ग्रुप डी में अमेरिका और पराग्वे की टीम भी शामिल हैं। अमेरिका ने शुक्रवार को लॉस एंजिलिस में खेले गए ग्रुप के पहले मैच में पराग्वे को 4–1 से हराया था।

# कमांडर इन चीफ वाली एआई फोटो, फिर ईरान डील पर बड़ा बयान, क्या हैं डोनाल्ड ट्रंप के इरादे ?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनी एक बेहद नाटकीय मिलिट्री फोटो शेयर की है। इस तस्वीर में ट्रंप एक नौसैनिक जहाज के डेक पर श्कमांडर इन चीफश के रूप में खड़े नजर आ रहे हैं और दूरबीन से समुद्र की ओर देख रहे हैं।




बैकग्राउंड में अमेरिकी युद्धपोतों का एक बड़ा बेड़ा उबड़–खाबड़ पानी में आगे बढ़ता दिख रहा है और आसमान में लड़ाकू विमान सफेद धुआं छोड़ते हुए उड़ रहे हैं। डूबते सूरज की रोशनी और जहाजों पर लहराते अमेरिकी झंडे इस फोटो को और भी ज्यादा सिनेमाई बना रहे हैं। ट्रंप ने इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, ष्आप भ्रमित हो रहे हैं।ष

ईरान के साथ आज ऐतिहासिक शांति समझौते का दावाः ट्रंप ने यह पोस्ट ऐसे समय पर की है जब अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत में सफलता मिलने की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। ट्रंप ने दावा किया कि रविवार को एक ऐतिहासिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के लिए एक मजबूत दीवार की तरह काम करेगा। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में यह भी कहा कि अगर यह डील कामयाब नहीं होती है, तो अमेरिका के पास एक आखिरी और बड़ा विकल्प हमेशा तैयार है।

पूर्व राष्ट्रपति ओबामा की डील पर साधा निशाना

डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की ईरान न्यूक्लियर डील की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा, ष्ओबामा की वो डील ईरान के लिए परमाणु हथियार हासिल करने का एक बेहद आसान और सुगम रास्ता थी। अगर वो डील रहती, तो ईरान को छह साल पहले ही परमाणु हथियार मिल गए होते और वह कब का इसका इस्तेमाल भी कर चुका होता।ष

ट्रंप ने दावा किया कि उनकी नई डील इसके ठीक उलट है। इस समझौते के बाद ईरान किसी भी कीमत पर न्यूक्लियर वेपन नहीं बना पाएगा और डील साइन होते ही होर्मुज जलडमरूमध्य का समुद्री रास्ता भी पूरी दुनिया के लिए खुल जाएगा।

ईरान ने किया रविवार को साइन करने से इनकार

एक तरफ जहां ट्रंप रविवार को ही समझौते पर मुहर लगाने की बात कह रहे हैं, वहीं ईरान ने रविवार को किसी भी तरह के हस्ताक्षर समारोह की खबरों को खारिज कर दिया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में दोनों देशों के बीच समझौता जरूर हो सकता है, लेकिन इस समझौते पर रविवार को हस्ताक्षर नहीं किए जा रहे हैं।

# रूस से भारत की तेल दोस्ती गहरी, यूएसी की पाबंदी के बावजूद कच्चे तेल आयात 21 प्रतिशत बढ़ा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कड़े रुख और दबाव का भारत पर कोई असर नहीं दिख रहा है। अमेरिका की लाख कोशिशों और सख्ती के बावजूद भारत और रूस के व्यापारिक रिश्ते दिन–प्रतिदिन और मजबूत होते जा रहे हैं।



अमेरिकी पाबंदियों की परवाह न करते हुए भारत ने रूस से रिकॉर्ड मात्रा में कच्चे तेल का आयात किया है। नए आंकड़ों के मुताबिक, मई 2026 में भी भारत दुनिया भर में रूसी ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बना रहा।

मई में भारत ने खरीदा 6.7 अरब डॉलर का ईंधन

यूरोपीय रिसर्च इंस्टीट्यूट श्सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयरश की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रिफाइनरियों द्वारा खरीदारी बढ़ाए जाने से रूस से कुल कच्चे तेल और अन्य ईंधन का आयात बढ़ गया है। मई महीने में यह आंकड़ा अनुमानित 5.8 अरब यूरो (यानी करीब 6.7 अरब डॉलर) पर पहुंच गया है।

कुल आयात में 83ः हिस्सेदारी सिर्फ कच्चे तेल की

**CREA** की रिपोर्ट के मुताबिक, मई में रूस से भारत आए कुल आयात में कच्चे तेल की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा यानी लगभग 83 प्रतिशत रही, जिसकी कीमत 4.8 अरब यूरो थी। इसके अलावा भारत ने रूस से 55 करोड़ यूरो के अन्य तेल प्रोडक्ट्स और 42.9 करोड़ यूरो के कोयले का भी आयात किया है।


रूसी तेल के आयात में 21ः की भारी बढ़ोतरी

रिपोर्ट में बताया गया है कि अप्रैल महीने के मुकाबले मई में भारत के कुल कच्चे तेल आयात में 8ः की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस तेजी की सबसे बड़ी वजह रूस से होने वाले आयात में आया 21ः का भारी उछाल है। गुजरात में स्थित देश के बड़े रिफाइनिंग केंद्रों में रूसी कच्चे तेल की सप्लाई में जबरदस्त तेजी देखी गई। अप्रैल की तुलना में मई में वाडिनार रिफाइनरी में 36ः और जामनगर रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स में 14ः अधिक रूसी तेल पहुंचा।

# ओमान के पास भारतीय जहाज संकट में, 14 क्रू मेंबर्स की जिंदगी दांव पर, मदद को आगे आई US Navy

खाड़ी इलाके में बढ़ते तनाव के बीच ओमान के तट के पास एक भारतीय कमर्शियल जहाज हादसे का शिकार हो गया है। मस्कट में मौजूद भारतीय दूतावास ने रविवार को बताया कि भारतीय झंडे वाले मैकेनाइज्ड सेलिंग वेसल श्विराट 1श के साथ समुद्र में एक गंभीर घटना हुई है। इस जहाज पर कुल 14 भारतीय क्रू मेंबर्स सवार थे, जिनकी सुरक्षा को लेकर लगातार कोशिशें की जा रही हैं।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, समुद्र में अचानक इस जहाज का इंजन फेल हो गया था, जिसके बाद यह पानी में डूबने लगा। खतरे को भांपते हुए जहाज पर मौजूद सभी 14 भारतीय क्रू मेंबर्स समझदारी दिखाते हुए तुरंत लाइफ–राफ्ट पर चले गए। यह पूरी घटना ओमान के रास अल हद्द से लगभग 80 समुद्री मील दूर समुद्र में हुई।



अमेरिकी नौसेना ने बढ़ाया मदद का हाथ, भेजा लाइफ–राफ्ट

इस एमरजेंसी की जानकारी मिलते ही अमेरिकी नौसेना ने तुरंत मदद के लिए कदम बढ़ाया। अमेरिकी नौसेना के पी–8 मैरीटाइम पेट्रोलिंग एयरक्राफ्ट ने संकट में फंसे भारतीयों के पास एक लाइफ–राफ्ट गिराया और उनकी सुरक्षित निकासी पर नजर रखी। इसके अलावा, पास से गुजर रहे सेंट किट्स एंड नेविस के एक मर्चेंट शिप श्एमवी जबल अली 9श को भी मदद के लिए उस लोकेशन की तरफ मोड़ दिया गया है।

ओमान प्रशासन और भारतीय नौसेना मिलकर चला रही रेस्क्यू ऑपरेशन

भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी कि ओमान के अधिकारियों और घटना स्थल के आस–पास मौजूद दूसरे जहाजों के साथ तालमेल बिठाकर एक बड़ा सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। भारतीय नौसेना के जहाजों को भी तुरंत इस लोकेशन की तरफ रवाना कर दिया गया है। दूतावास लगातार लोकल अथॉरिटीज के संपर्क में है ताकि सभी 14 भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द सुरक्षित किनारे पर लाया जा सके।

# टीबी रोगियों के नजदीकियों की स्क्रीनिंग का निर्देश

जौनपु। राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में 24 मार्च से संचालित 100 दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम की समीक्षा की गई ।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि जनपद के कुल 848 हाई रिस्क ग्राम पंचायतों के सापेक्ष कुल 313 हाई रिस्क ग्राम पंचायतों में अभी तक आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाकर टीबी स्क्रीनिंग का कार्य किया गया है। जिलाधिकारी ने समस्त केंद्र प्रभारियों को इस अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार करवाते हुए जनप्रतिनिधिगण की भी सहभागिता सुनिश्चित किये जाने हेतु समन्वय के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद को प्राप्त कुल 4 हैंड हेल्ड एक्सरे मशीन का अधिकतम प्रयोग करते हुए हाई रिस्क ग्राम पंचायतों के 60 वर्ष से ऊपर के लोगों, जिन्हें मधुमेह है,जो धूम्रपान एवं शराब का सेवन करते हो,सभी कुपोषित एवं टीबी रोगियों के संपर्क में रहने वाले लोंगो को प्राथमिकता के आधार पर एक्स रे जांच करके टीबी रोग की स्क्रीनिंग करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी प्रकार की गतिविधियों को सोशल मीडिया पर शेयर किये जाने के निर्देश दिए जिससे व्यापक स्तर पर लोगों को इसके संबंध में जागरूक किया जा सके ।समीक्षा बैठक में 100 दिवसीय अभियान के प्रगति का प्रस्तुतिकरण कार्यक्रम के जिला समन्वयक सलिल कुमार यादव के द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ गंगा राम गौतम, समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी के साथ अन्य सहयोगी विभागों के जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# वृद्ध की संदिग्ध मौत पर एसपी ने देखा घटनास्थल

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अंगदपुर में वृद्ध व्यक्ति का शव मिलने के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए जांच तेज कर दी है। देर रात पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण कर मामले की जानकारी ली तथा मृतक के परिजनों से मुलाकात कर घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

ज्ञात हो कि बीते ग्यारह जून को ग्राम अंगदपुर में नक्की लाल 70 वर्ष का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी थी। षुक्रवार की देर रात पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को घटना के प्रत्येक पहलू की गहनता से जांच करने तथा साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कर सच्चाई सामने लाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय, क्षेत्राधिकारी जाफरगंज सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। पुलिस टीम विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है और मामले से जुड़े तथ्यों को जुटाने में लगी हुई है।

# चोरों ने 24 घंटे के भीतर मुंडेरी गांव को फिर बनाया निशाना

बाराबंकी। जिले के फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस की रात्रिकालीन गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। क्षेत्र के ग्राम मुंडेरी में 24 घंटे के भीतर दूसरी बड़ी चोरी की वारदात सामने आने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की रात्रि गश्त केवल फोटो खिंचवाने और सोशल मीडिया पर प्रचार तक सीमित रह गई है, जबकि जमीनी स्तर पर अपराधियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। लोगों का कहना है कि चोर अब घरों के साथ–साथ खेतों और कृषि उपकरणों को भी निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला ग्राम मुंडेरी का है, जहां चोरों ने रात एक किसान के घर में घुसकर लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित रामनरेश यादव पुत्र बद्री यादव के अनुसार चोर घर के पीछे स्थित शौचालय की छत के रास्ते मकान की दूसरी मंजिल तक पहुंचे और अंदर घुसकर वारदात को अंजाम दिया। परिजनों ने बताया कि चोर घर में रखे लगभग 81 हजार रुपये नकद, सोने की दो अंगूठियां, एक जोड़ी कान के बाले, मंगलसूत्र, दो सोने के ओम लॉकेट तथा तीन जोड़ी चांदी की पायल चोरी कर ले गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर परिवार में हड़कंप मच गया। गौरतलब है कि इससे महज एक दिन पहले भी इसी गांव में चोरों ने किसान रामचंद्र के घर को निशाना बनाया था। उस घटना में चोर करीब 40 हजार रुपये नकद और कीमती आभूषण चोरी कर ले गए थे। इतना ही नहीं, गांव के बाहर स्थित खेतों में लगे कई किसानों के सिंचाई इंजनों को भी चोरों ने निशाना बनाया। ग्रामीणों के अनुसार रामपाल यादव, कन्धाई यादव, सुशील यादव, रामराज यादव और गुड्डू रावत के बोरिंग पर लगे पांच सिंचाई इंजनों को क्षतिग्रस्त कर चोरी का प्रयास किया गया था। लगातार हो रही घटनाओं ने क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार हो रही चोरियों से नाराज ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र में पुलिस गश्त का कोई असर दिखाई नहीं देता। ग्रामीणों का कहना है कि जब एक ही गांव में 24 घंटे के भीतर दो बड़ी चोरियां हो सकती हैं, तो यह सुरक्षा व्यवस्था की विफलता को दर्शाता है। लोगों का आरोप है कि पहली घटना के बाद यदि पुलिस सक्रियता दिखाती तो दूसरी वारदात रोकी जा सकती थी। बढ़ती घटनाओं से दहशत में ग्रामीणः ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के कारण लोग रात भर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं। किसानों को अपने घरों के साथ–साथ खेतों और कृषि उपकरणों की भी चिंता सता रही है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में प्रभावी गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी करने और चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने की मांग की है।

# रेडक्रॉस ने सैलून संचालक की मदद को बढ़ाया हाथ

फतेहपुर। मानव सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एवं डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन ने एक जरूरतमंद परिवार की सहायता कर सामाजिक सरोकार का उत्‍ष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सोशल मीडिया प्रमुख शहनूर आलम द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर मसवानी निवासी मोईद सलमानी की आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को संज्ञान में लिया गया। बताया गया कि मोईद सलमानी फुटपाथ पर सैलून का कार्य कर अपने परिवार का भरण–पोषण करते हैं। लंबे समय से अस्वस्थ रहने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर हो गई थी। परिवार में वे ही एकमात्र कमाने वाले सदस्य हैं, जिसके चलते वे अपनी दुकान के लिए आवश्यक सामान भी नहीं खरीद पा रहे थे। इस स्थिति को देखते हुए इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान तथा डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन एवं प्रदेष कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव स्वयं मोईद सलमानी के पास पहुंचे और उनके रोजगार को पुनः गति देने के लिए सैलून में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। सहायता सामग्री में कैंची, कंघी, रेजर, शेविंग ब्रश, बाल झाड़ने का

# स्वैच्छिक शिविर में 27 ने किया रक्तदान, मिलेगा निःशुल्क ओपीडी की सुविधा–सी.एम. पटेल








दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रविवार को नगर पंचायत कप्तानगंज के किलकारी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में प्रभावती पल्टू राम मानव सेवा संघ के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 27 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का आरम्भ वरिष्ठ सर्जन डा. दीनानाथ पटेल एवं सीएचसी कप्तानगंज प्रभारी डाक्टर अनूप कुमार शास्त्री ने किया। डा. दीनानाथ पटेल ने कहा कि रक्तदान महादान है, परस्पर सहयोग से एक दूसरे की जान बचाई जा सकती है। शिविर में कुल 31 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें चार अयोग्य पाए गए कुल 27 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डा. सीएम पटेल, इंजीनियर के एम पटेल, सरदार सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेश पटेल, बघौड़ा प्रधान सुभाष चन्द्र, कन्हैयालाल, जिला अध्यक्ष कांग्रेस पिछड़ा वर्ग इंजीनियर चन्द्रशेखर वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार मंच अपना दल एस सुखराम पटेल, छोटेलाल पटेल, शैलेश पटेल, सुशील चौधरी, आदित्य रंजन पटेल, रामनाथ उर्फ लकी, अनुराग चौधरी, सुमित कुमार, रामपाल पटेल, रामजी पटेल, विशाल वर्मा, रज्जब अली, नीरज वर्मा आदि ने रक्तदान किया। मेडिकल कॉलेज बस्ती के ब्लड बैंक की टीम में डॉक्टर सिद्धार्थ शंकर सिन्हा, डॉ जितेंद्र कनौजिया, एल टी राजेश बरनवाल, काउंसलर गोविंद शुक्ला, स्टाफ नर्स सुनील कुमार, एल ए मदन सिंह एवं शिवशरण ने अपनी टीम के साथ सुरक्षित ब्लड कलेक्शन किया। समस्त रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। अस्पताल प्रबंधक डाक्टर सीएम पटेल ने बताया कि इस सर्टिफिकेट के माध्यम से 6 माह तक सभी रक्तदाता को बिना ब्लड दिए ब्लड बैंक से ब्लड तुरंत मिलेगा तथा उनके अस्पताल में सभी रक्तदाताओं को तीन माह तक बिना फीस एवं उनके परिवार जनों का 50: फीस पर इलाज किया जाएगा। इस अवसर पर डा. आलोक रंजन, डा. नीतू वर्मा, अंगद, अरविंद, ज्योति निशा सरिता सृष्टि आराधना अर्चना चौधरी अर्चना चौरसिया तेज बहादुर चौधरी आदि मौजूद रहे।

# गुरु ज्ञान से ही मिलती है जीवन के बंधनों से मुक्ति : राजमन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। संत निरंकारी मिशन की ओर से रविवार को



मुख्यालय स्थित शास्त्री नगर में नगर पालिका परिषद के विवाह घर में सेवादल मीटिंग एवं सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवादल के क्षेत्रीय संचालक राजमन ने पीटी परेड का निरीक्षण किया और सेवादल के महात्माओं के साथ बैठक कर गतिविधियों तथा सेवा कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। सत्संग को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संचालक राजमन ने कहा कि सत्संग वह स्थान है जहां केवल कल्याणकारी विचारों का संचार होता है। यहां वही व्यक्ति पहुंचता है जिस पर गुरु की विशेष .पा होती है। उन्होंने कहा कि सत्संग में पूरी एकाग्रता और श्रद्धा के साथ बैठना चाहिए, तभी उसके वास्तविक लाभ प्राप्त होते हैं।कहा कि काम, क्रोध, निंदा और नफरत जैसे विकारों से मुक्ति के लिए गुरु का ज्ञान आवश्यक है। गुरु की .पा से प्राप्त ज्ञान मनुष्य को सांसारिक बंधनों से मुक्त कर सच्चे जीवन का मार्ग दिखाता है। संतों की संगति से अहंकार समाप्त होता है और सेवा, सदाचार तथा विनम्रता का भाव विकसित होता है। उन्होंने कहा कि भक्ति बाहरी आडंबरों से नहीं, बल्कि गुरु की .पा और आत्मिक अनुभूति से प्राप्त होती है। जो व्यक्ति निरंकार युक्त शिक्षा को जीवन में अपनाता है, वही वास्तविक सफलता हासिल करता है। छोटी–छोटी कठिनाइयों के कारण संगत से दूर होना उचित नहीं है। पूर्ण ब्रह्म के ज्ञान से मानव जीवन सार्थक और धन्य बन जाता है। इस अवसर पर महात्मा सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले माह निरंकारी मिशन के 24 महात्माओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया था। उनके इस सामाजिक योगदान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी रक्तदाताओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सुमन और नीलकमल ने किया तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सैनिक को इन्साफ की जगह थानेदार से मिली जेल भेज देने की धमकी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। देश की रक्षा के लिये सरहद पर तैनात सेना के जवान को भी न्याय नहीं मिल पा रहा है। उल्टे मुण्डेरवा के थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने सैनिक राइफलमैन .ष्णा गोपाल से कहा कि हम अदालत का स्थगन आदेश नहीं मानेंगे, अगर आपने हस्तक्षेप किया तो जेल भेज दिया जायेगा। सैनिक ने अपने माता–पिता के साथ उच्चाकािरियों को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाा है।सैनिक राइफलमैन .ष्णा गोपाल के पिता आशाराम ने मुख्यमंत्री, उप जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कहा है कि वे मुण्डेवा थाना क्षेत्र के दित्तौली के निवासी हैं। उनके गाटा सं० 39 पर न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश पारित किया गया है कि इस गाटे में शान्तिपूर्ण कब्जे में किसी प्रकार का हस्ताक्षेप न करें उसके बाद भी गांव के ही सहदेव पुत्र सोमई व बन्टी पुत्र रामजगत व दलित समुदाय के लोग मेड बन्दी के पार होकर उनकी जमीन पर




कब्जा करना चाहते हैं। समस्या के समाधान के लिये मुण्डेरवा थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस में सैनिक राइफलमैन .ष्णा गोपाल अपने पिता आशाराम के साथ गये थे, जब उन्हो अपनी बात लेखपाल स्वेता सिंह, कानूनगो अरविन्द और एस०एच०ओ० प्रदीप सिंह को बताया उन्होने बताया कि आपका स्थगन आदेश हम नही मानेंगे और अगर आप इसमें हस्तक्षेप करते हैं तो आपके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज देंगे। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कोर्ट के आदेश को मानने से साफ.साफ इनकार कर दिया।

# खेसरहा क्षेत्र के फरीदाबाद में बहू–बेटी सम्मेलन, महिलाओं को किया गया जागरूक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

खेसरहा। वरिष्ठ पुलिस




अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में संचालित मिशन शक्ति 5 अभियान के तहत थाना खेसरहा पुलिस द्वारा महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम फरीदाबाद में बहू–बेटी सम्मेलन एवं साइबर जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया।थाना प्रभारी अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को महिला अपराध, घरेलू हिंसा, साइबर ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनों की जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस हेल्पलाइन एवं आपातकालीन सेवाओं का उपयोग करें।चौपाल के दौरान महिलाओं को साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जाने वाले तरीकों से सतर्क रहने तथा किसी भी अज्ञात लिंक, कॉल या ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई। साथ ही महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा संबंधी सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर उपनिरीक्षक चंद्रिका प्रसाद मौर्य, उपनिरीक्षक जियाउल्लाह, आरक्षी अरुण कुमार पाण्डेय, महिला आरक्षी विनीता सिंह एवं महिला आरक्षी गार्गी मिश्रा सहित मिशन शक्ति टीम के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता कर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेला फार्मासिस्ट के भरोसे

दैनिक बुद्ध का सन्देश

मिश्रौलिया, सिद्धार्थनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की




महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री आरोग्य मेला योजना के तहत प्रत्येक रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) चेतिया में लगने वाला आरोग्य मेला मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। इस मेले में दवा वितरण और दवा प्रबंधन की जिम्मेदारी निभा रहे फार्मासिस्ट पंकज शुक्ला इन दिनों चर्चा का विषय बने हुए हैं।जानकारी के अनुसार, आरोग्य मेले में हर रविवार 250 से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। चिकित्सकों द्वारा जांच के बाद मरीजों की भीड़ दवा काउंटर पर पहुंचती है, जहां फार्मासिस्ट पंकज शुक्ला अकेले ही चिकित्सकीय पर्चे के अनुसार दवाओं का वितरण करते हैं। इसके अलावा दवाओं की मांग तैयार करना, इंडेंट भेजना, स्टॉक का रखरखाव, एक्सपायरी की निगरानी और अभिलेखों का संधारण भी उनके जिम्मे है।मरीजों का कहना है कि दवा देने के साथ–साथ वह दवा के सेवन का सही तरीका भी समझाते हैं। चेतिया के एक बुजुर्ग मरीज ने बताया, ष्डॉक्टर जांच कर दवा लिख देते हैं, लेकिन दवा कब और कैसे लेनी है, इसकी पूरी जानकारी पंकज जी देते हैं।ष वहीं शबनम नामक महिला मरीज ने कहा, ष्यहां दवा आसानी से मिल जाती है और उसे लेने की पूरी जानकारी भी दी जाती है।ष्स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों के अनुसार, सीमित संसाधनों के बावजूद पंकज शुक्ला बिना रुके लगातार मरीजों को दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे आरोग्य मेले की व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो रही है।इस संबंध में फार्मासिस्ट पंकज शुक्ला ने कहा, ष्मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप हमारी कोशिश रहती है कि कोई भी मरीज दवा के बिना वापस न जाए। मरीजों का भरोसा ही हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।ष्ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से शुरू किए गए मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में पीएचसी चेतिया की दवा व्यवस्था स्थानीय लोगों के बीच सकारात्मक चर्चा का विषय बनी हुई है। हालांकि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और संसाधनों की उपलब्धता को और बेहतर बनाने की आवश्यकता पर भी समय–समय पर जोर दिया जाता रहा है।

# डीजल आपूर्ति को लेकर अफवाहों से बचें, सुरक्षित कंटेनर में ही मिलेगा डीजल : जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जनपद में कुछ लोगों द्वारा यह भ्रामक प्रचार किया जा रहा है कि .षि कार्यों के लिए किसानों को कंटेनर में डीजल नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन ने स्पष्ट किया है कि यह पूरी तरह भ्रम फैलाने वाली बात है। जनपद में डीजल की कोई कमी नहीं है और ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू रूप से जारी है।उन्होंने बताया कि तेल कंपनियों द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए नई गाइडलाइन जारी की गई है। इसके अनुसार दुर्घटनाओं से बचाव के उद्देश्य से केवल (पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन) से अनुमोदित सुरक्षित कंटेनरों, विशेष रूप से धातु से बने कंटेनरों में ही डीजल दिए जाने के निर्देश हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि किसान .षि कार्यों के लिए धातु से बने सुरक्षित कंटेनरों का उपयोग कर आसानी से डीजल प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी पेट्रोल पंप पर डीजल की कमी नहीं है और न ही डीजल वितरण पर कोई रोक लगाई गई है।उन्होंने जनसामान्य एवं किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें तथा केवल आधिकारिक जानकारी पर ही विश्वास करें। प्रशासन जनहित से जुड़े सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# खेसरहा में जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन, लाभार्थियों को वितरित किए गए आयुष्मान कार्ड





दैनिक बुद्ध का सन्देश

खेसरहा। विकास खंड परिसर खेसरहा में जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक एवं पूर्व मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेसरहा के अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार गुप्ता की उपस्थिति में किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम के दौरान पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड, पोषण पोटली तथा अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित सामग्री का वितरण किया गया। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य एवं जनकल्याण योजनाओं की जानकारी दी तथा उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।स्वास्थ्य मेले में चिकित्सकों द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक परामर्श एवं दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।इस अवसर पर अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार गुप्ता, चिकित्साधिकारी, बीपीएम अमर नाथ गुप्ता, बीसीपीएम विजय शंकर त्रिपाठी, एएनएम, फार्मासिस्ट, एलटी, एसटीएस सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।स्लगरू खेसरहा में जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर लोटन ब्लॉक में जनकल्याण शिविर व स्वास्थ्य मेला आयोजित

## कई विभागों की अनुपस्थिति बनी चर्चा का विषय

दैनिक बुद्ध का सन्देश

लोटन, सिद्धार्थनगर। विकास खंड लोटन परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया। हालांकि कई विभागों की अनुपस्थिति और अपेक्षा.त कम जनसहभागिता चर्चा का विषय बनी रही।मुख्य अतिथि प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद मणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा को नई दिशा मिली है।

सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामनेवास यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, हर घर जल योजना और निशुल्क राशन वितरण जैसी योजनाओं ने गरीबों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था पहले की तुलना में अधिक सु.ढ़ हुई है तथा वैश्विक स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है।कार्यक्रम के दौरान बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से गोद भराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। वहीं श्रम विभाग, डाक विभाग, विद्युत विभाग तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के स्टॉल न लगने से लोगों में नाराजगी देखने को मिली। ब्लॉक परिसर स्थित एनआरएलएम कार्यालय से भी किसी कर्मचारी की उपस्थिति नहीं होने पर सवाल उठे।

इस बीच भाजपा लोटन मंडल अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार शुक्ल ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं पर असंतोष जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यक्रम का पर्याप्त प्रचार–प्रसार नहीं किया गया, जिससे ग्रामीणों और किसानों को इसकी जानकारी नहीं मिल सकी। उन्होंने कहा कि अधिकांश अधिकारी और कर्मचारी कार्यक्रम से अनुपस्थित रहे तथा कुछ ही विभागों के स्टॉल लगाए गए। प्रचार–प्रसार के अभाव में कार्यक्रम आम जनता तक अपेक्षित स्तर पर नहीं पहुंच सका और जनभागीदारी भी उम्मीद के अनुरूप नहीं रही।इस अवसर पर एडीओ पंचायत सदानंद वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी ईश्वर देव, रविंद्र जाटव, मनोज कुमार, केशभान यादव, देवेंद्र मणि त्रिपाठी, दिलीप पटेल, विजय पाल, अदालत प्रसाद, शिवम विश्वास, मनीष श्रीवास्तव, प्रियंका गोस्वामी, सरस्वती देवी और साधना सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज परीक्षा–2025 के लिए जिलाधिकारी व एसएसपी ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज (प्राविधिक) परीक्षा–2025 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने रविवार को परीक्षा केंद्र जय किसान इंटर कॉलेज, सकतपुर सनई का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा सीसीटीवी कैमरा कंट्रोल



रूम का अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा संचालन से जुड़े सभी व्यवस्थागत पहलुओं की समीक्षा करते हुए ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और निर्धारित दिशा–निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बरतने और परीक्षा केंद्र परिसर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं और आयोग के दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है।

# सोनभद्र पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो शातिर वाहन चोर गिरतार; आठ चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चोपन और थाना बीजपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दोनों थानों की पुलिस टीमों ने वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरतार कर उनके कब्जे और निशानदेही पर कुल आठ चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।पुलिस के अनुसार, 13/14 जून 2026 की रात थाना चोपन पुलिस टीम वैष्णो डाला मंदिर के समीप बैगा टोला मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर बिना नंबर प्लेट लगी अपाची मोटरसाइकिल के साथ एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। पूछताछ और सत्यापन में मोटरसाइकिल चोरी की निकली।गिरतार अभियुक्त की पहचान राजेश गौड़ के रूप में हुई। उसकी निशानदेही पर बैगा टोला क्षेत्र स्थित एक खंडहर मकान से तीन अन्य चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।



इस तरह थाना चोपन पुलिस ने कुल चार मोटरसाइकिलें, जिनमें तीन अपाची और एक हीरो स्प्लेंडर शामिल हैं, बरामद कीं।ई–चालान ऐप के माध्यम से सत्यापन के दौरान दो मोटरसाइकिलें थाना चोपन में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 0182/2026 एवं 0210/2026 से संबंधित पाई गईं। पुलिस ने मुकदमे में धारा 317(2) एवं 317(5) बीएनएस की बढ़ोत्तरी करते हुए अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया।पूछताछ में राजेश गौड़ ने बताया कि उसने अपने साथियों राहुल गौड़, दीपक यादव और रोशन यादव के साथ मिलकर विभिन्न स्थानों से मोटरसाइकिलें चोरी की थीं। वह बरामद अपाची मोटरसाइकिल को बेचने के लिए बिहार ले जा रहा था। पुलिस उसके फरार साथियों की तलाश में जुटी है।वहीं, 14 जून 2026 को थाना बीजपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उत्तर प्रदेश–मध्य प्रदेश सीमा क्षेत्र सिरसोती के पास से रामदिहल प्रजापति को गिरतार किया। उसके कब्जे से चार चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुईं। इस संबंध में थाना बीजपुर में मुकदमा अपराध संख्या 64/2026, धारा 317(2)/317(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई।पुलिस के अनुसार, पूछताछ में रामदिहल प्रजापति ने वाहन चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। वह एक शातिर अपराधी है, जिसके विरुद्ध पूर्व में चोरी, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस अधीक्षक ने दोनों पुलिस टीमों की सराहना करते हुए अपराधियों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही।

## लोक सेवा आयोग की प्रवक्ता भर्ती परीक्षा का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र।उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं सत्यापन प्रक्रिया तथा परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों को आयोग के दिशा–निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने तथा परीक्षा की गोपनीयता एवं शुचिता बनाए रखने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने केंद्र पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता एवं सुरक्षा व्यवस्था सु.ढ़ रखने के निर्देश दिए, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो सके।जिलाधिकारी ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।




## वन विभाग की तेजतर्रार महिला वीट प्रभारी के हिम्मत की हो रही चर्चा,दबंग लकड़कट्टो पर दर्ज कराया मुकदमा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोन्डा। जनपद में लगातार वन प्रभाग गोन्डा के अन्तर्गत पंडरी .पाल वन रेंज क्षेत्र में अवैध कटान को लेकर कार्यवाही होती रहती है।इसी क्रम में वन रेंज क्षेत्र अन्तर्गत वन क्षेत्र की तेजतर्रार सदर महिला वीट प्रभारी के द्वारा अवैध कटान को लेकर जो कार्यवाही की है वह चर्चा का विषय बन गया है। प्राप्त चर्चा के अनुसार वन रेंज क्षेत्र पंडरी .पाल के ग्राम गढवलिया थाना मोतीगंज में कई प्रतिबंधित अवैध हरे वृक्षों के कटान की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर अवैध कटान का निरीक्षण करके वन क्षेत्राधिकारी पंडरी .पाल सुशांत शुक्ला को सूचना दी जिस पर वन क्षेत्राधिकारी पंडरी .पाल ने तत्काल कार्यवाही करने का निर्देश वीट प्रभारी को दिया। चर्चा है कि दबंग लकड़कट्टो द्वारा महिला वीट प्रभारी को धमकाया गया और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की गई, लेकिन निडर बीट प्रभारी ने तत्काल थाना मोतीगंज में इसकी सूचना लिखित रूप में दी गई। दर्ज एफआईआर के अनुसार बीट प्रभारी ने दबंग लकड़कट्टो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया और एफआईआर में लिखा है आरोपी अमित वर्मा तथा बृजेश वर्मा द्वारा तीन प्रतिबंधित वृक्षों को पातन अनुमति लिए बिना ही आम,नीम,जामुन वृक्षों को धाराशाई कर दिया।मौके पर पहुंचे सरकारी कर्मचारी महिला बीट प्रभारी को भी अनर्गल बातें कही। फिलहाल मनबढ़ लकड़कट्टो पर मुकदमा दर्ज हो चुका है और वन विभाग में भी कार्यवाही प्रचलित होने की बात कही जा रही है।इस सम्बन्ध में वन क्षेत्राधिकारी पंडरी .पाल सुशांत शुक्ला ने बताया कि मनबढ़ और निडर लकड़कट्टो के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा तथा विना पातन अनुमति के कटान पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।यह भी बताया कि अवैध कटान के सम्बन्ध में दबंगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो चुका है।

## बांसी ब्लॉक में जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन, सांसद जगदंबिका पाल ने गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां





दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी, सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ भारतीयों की सेवा को समर्पित केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास खंड बांसी परिसर में जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को आमजन के समक्ष रखा।मुख्य अतिथि डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी संकल्प के साथ सरकार निरंतर कार्य कर रही है और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व मंत्री राजा जय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, आत्मनिर्भरता और जनभागीदारी के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है।कार्यक्रम के तहत आयोजित स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। वहीं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया।जनहित को समर्पित इस शिविर का उद्देश्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना रहा।इस अवसर पर जिलाधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला पंचायत सदस्य, खंड विकास अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक, एडीओ पंचायत अजय राय, राजेंद्र पांडेय, जितेंद्र कुमार मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, शिवकुमार कनौजिया, प्रदीप चौरसिया, संजय चौरसिया, आदर्श श्रीवास्तव, राजू श्रीवास्तव, आशीष मिश्रा, राम प्रकाश मिश्रा, दिनेश पांडेय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## विश्व रक्तदान दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ, प्रभारी मंत्री ने किया रक्तदान,

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र । स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, में विश्व



रक्तदान दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद के प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने फीता काटकर किया तथा स्वयं रक्तदान कर मानवता एवं जनसेवा के इस महापर्व में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर माननीय सदर विधायक भूपेश चौबे भी उपस्थित रहे।प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान महादान है और यह किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम है। उन्होंने युवाओं एवं आमजन से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने का आह्वान किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज के सभी वर्गों से इस पुनीत कार्य में बढ़–चढ़कर भागीदारी करने की अपील की।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, पूर्व सांसद नरेन्द्र कुशवाहा, नागेश्वर देव पाण्डेय, रामकुमार विश्वकर्मा, गोबिंद दास गुप्ता, अमन सोनकर, अंगद विश्वकर्मा, गौरव सिंह, श्याम सुंदर विश्वकर्मा सहित चिकित्सकगण, अधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए अधिकाधिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया।

## पुनः बने ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, महामंत्री संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर ।मेंहदावल ब्लॉक में रविवार को सफाई कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सहित सभी पदों का चुनाव पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। सुबह से ही ब्लॉक परिसर में गहमागहमी का माहौल था, जहाँ बड़ी संख्या में ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मचारियों ने उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह चुनाव निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत मेंहदावल ब्लॉक सभागार में सफाईकर्मी संघ के जिलाध्यक्ष परमहंस गौतम की देखरेख में संपन्न हुआ।चुनाव में ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए दो, महामंत्री पद के लिए दो और कोषाध्यक्ष पद के लिए भी दो प्रत्याशी मैदान में थे, जबकि सम्प्रेक्षक और संगठन मंत्री निर्विरोध चुने गए। मतदान के बाद हुई मतगणना में अध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र ने 91 मत प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंद्वी महेंद्र यादव (48 मत) को हराया और एक बार फिर ब्लॉक संघ अध्यक्ष चुने गए। महामंत्री पद पर संतोष 73 मतों के साथ विजयी हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को 68 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर चंद्रप्रकाश ने 81 मत पाकर कैलाशनाथ (59 मत) को पराजित किया और पुनः विजयी हुए। संगठन मंत्री पद राजेश प्रसाद और संप्रेक्षक पद पर नसरुद्दीन का चयन निर्विरोध हुआ।मतगणना पूरी होने के बाद, जिला पदाधिकारियों ने फूल माला पहनाकर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी, वहीं बाहर आने पर समर्थकों ने भी उनका जोरदार स्वागत किया। जीत के बाद, नव निर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र ने घोषणा की कि सफाई कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों को शासन तक पहुँचाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।



## नौगढ़ में जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ, विधायक श्यामधनी राही ने किया उद्घाटन





दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे ष12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण केष अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु के विकास खंड नौगढ़ में रविवार को तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक श्यामधनी राही ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर विधायक श्यामधनी राही ने ब्लॉक परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर संचालित नकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाए।इसके बाद ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी और उन्हें योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ष्एक पेड़ माँ के नामष अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश मिश्रा, प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष गंगा मिश्रा, खंड विकास अधिकारी नौगढ़ सर्वेश मोहन, सहायक श्रम आयुक्त ओम प्रकाश, सीडीपीओ नौगढ़ गैरी शंकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

## अमन–चौन के साथ मनाएं मोहर्रम, अफवाहों से रहें दूरः एएसपी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण



और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए रविवार को शोहरतगढ़ थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद ने की। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी, ताजियेदार और दोनों समुदायों के गणमान्य लोग मौजूद रहे।एसपी प्रशान्त कुमार प्रसाद ने कहा कि मोहर्रम का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया जाए तथा किसी भी नई परंपरा की शुरुआत न की जाए। उन्होंने कहा कि डीजे की आवाज निर्धारित मानक के अनुरूप रखी जाए और ऐसे किसी भी नारे या गतिविधि से बचा जाए, जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो। उन्होंने ताजिया की ऊंचाई निर्धारित मार्गों के अनुसार रखने, जुलूस मार्ग पर गड्ढों की भराई कराने तथा मंदिरों के सामने निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीओ मयंक द्विवेदी ने कहा कि कानून–व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार पैदल गश्त की जा रही है। जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं ताकि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने कहा कि नगर पंचायत प्रशासन मोहर्रम को लेकर पूरी तरह तैयार है और आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।बैठक में तहसीलदार प्रकाश सिंह यादव, ईओ अजय कुमार, पूर्व चेयरमैन शिव प्रसाद वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि सुनील यादव, मोबास्सीर हुसैन, शिवशंकर चौधरी, जामा मस्जिद सदर अल्ताफ हुसैन, अफसर अंसारी, मौलाना अहमद हुसैन, एसडीओ विद्युत विनोद कुमार समेत पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता : प्रभारी मंत्री

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र।सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास खण्ड चतरा परिसर में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ जनपद प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के लघु एवं सूक्ष्म उद्योग मंत्री हंसराज विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की मंशा है कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसी उद्देश्य से जनकल्याण एवं स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जा रहा है, जहां आमजन को एक ही स्थान





पर विभिन्न विभागों की सेवाएं एवं योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण एवं किसान कल्याण के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों का सकारात्मक प्रभाव जनमानस के जीवन में दिखाई दे रहा है।सदर विधायक भूपेश चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों के कारण विकास योजनाओं का लाभ तेजी से गांव–गांव तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि जनकल्याण शिविर आमजन और शासन के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य कर रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान तथा योजनाओं का लाभ पारदर्शी ढंग से उपलब्ध कराया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई।इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, भाजपा पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक : श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, मकान नं0- 176, ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद-सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं मकान नं. 203 निकट बी.एस.एन.एल. टॉवर खलवा मोहल्ला, नगर पालिका परिषद- बलरामपुर, जनपद- बलरामपुर, उ.प्र.-271201 से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं0- UPHIN/2021/86502 । सम्पादक- राजेश कुमार शर्मा

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद- सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# राम चरण की पेद्दी बॉक्स ऑफिस पर कर रही राज, 200 करोड़ से इंचभर रह गई दूर, 9 दिनों में 56 फीसदी वसूला बजट




राम चरण की पेद्दी ब्लॉकबस्टर ओपनिंग वीकेंड के बाद कलेक्शन में लगातार गिरावट के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा वाली यह फिल्म बड़ी उम्मीदों के साथ सिनेमाघरों में आई थी और इसने अपने पहले हफ्ते में शानदार कमाई की. हालांकि वीकडेज की वजह से इसकी कमाई में उतार–चढ़ाव बना रहा. वहीं धीमी रफ्तार होने के बावजूद, पेद्दी इस साल की सबसे बड़ी सफल फिल्मों में से एक बनी हुई है और एक और बड़े माइलस्टोन के करीब पहुंच रही है. चलिए यहां जानते हैं पेद्दी ने रिलीज के 9वें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को कितना कलेक्शन किया है?

पेद्दी को बॉक्स ऑफिस पर बवाल काटते हुए 9 दिन हो चुके हैं. हालांकि इस दौरान इसकी कमाई भी ऊपर–नीचे होती रही है लेकिन फिर भी ये टिकट खिड़की पर जमी हुई है. वहीं पहले हफ्ते में इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 193.55 करोड़ कमा लिए थे. अब अब ये दूसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है और रिलीज के 9वें दिन यानी दूसरे फ्राइडे को इसे कई नई फिल्मों से मुकाबला करना पड़ रहा है. लेकिन राम चरण की पेद्दी के आगे कंगना रनौत की भारत भाग्य विधाता से लेकर मनोज बाजपेयी की गवर्नर तक फुस्स साबित हुई हैं. फिलहाल पेद्दी तमाम नई और कुछ हफ्ते पुरानी फिल्मों पर बढ़त बनाए हुए. हालांकि इसके कलेक्शन में भी मंदी जारी है.

वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक पेद्दी ने रिलीज के 9वें दिन यानी दूसरे फ्राइडे को 5.15 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ पेद्दी की भारत में 9 दिनों की कुल नेट कमाई अब 198.70 करोड़ रुपये हो गई है. पेद्दी बॉक्स ऑफिस पर कब्जा किए हुए है. हालांकि इसकी कमाई हर दिन घट रही है फिर भी इसने रिलीज के 9 दिनों में 198 करोड़ से ज्यादा कमाई कर ली है. अब ये 200 करोड़ी बनने से 2 करोड़ रुपये और दूर है. इस मील के पत्थर को ये फिल्म दूसरे शनिवार को हर हाल में पाल कर लेगी और आरआरआर के बाद रामचरण के करियर की दूसरी 200 करोड़ के क्लब में एंट्री करने वाली फिल्म भी बन जाएगी. फिलहाल हर किसी की निगाहें बॉक्स ऑफिस पर हैं. पेद्दी को 350 करोड़ के बजट में बनी है. वहीं ये अब तक 198 करोड़ से ज्यादा कमा चुकी है. इसी के साथ इसने अपनी आधी से ज्यादा लागत यानी 56 फीसदी वसूल कर लिया है. अभी ये अपना पूरा बजट वसूलने से 150 करोड़ से भी ज्यादा दूर है. देखने वाली बात होगी कि पेद्दी अपनी पूरा लागत वसूल कर पाती है या नहीं.

वहीं वरुण धवन स्टारर फिल्म है जवानी तो इश्क होना भी रिलीज के दूसरे हफ्ते में पहुंच चुकी है. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अब तक ठीक ठाक परफॉर्म किया है. वहीं रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे फ्राइडे को कई नई फिल्मों से मुकाबसे के चलते इसने अब तक का सबसे कम कलेक्शन किया है.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपर्ट के मुताबिक है जवानी तो इश्क होना है ने रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को 1.85 करोड़ रुपये कमाए हैं. इसी के साथ है जवानी तो इश्क होना है की 8 दिनों की कुल कमाई अब 38.70 करोड़ रुपये हो गई है.

## टीवी के बाद टाइपकास्टिंग से बाहर निकलने और खुद को एक कलाकार के रूप में नए तरीके से साबित करने पर बोलीं हेली शाह

टेलीविजन से दूसरे माध्यमों की ओर कदम बढ़ाने वाले कलाकारों के लिए पहले से बनी धारणाओं को तोडना अक्सर सबसे बड़ी चुनौती होती है। हाल ही में हेली शाह ने टीवी के बाद टाइपकास्टिंग का सामना करने और किस तरह वह अब लोकप्रियता



से ज्यादा सार्थक काम पर ध्यान दे रही हैं, इस बारे में खुलकर बात की। टेलीविजन के जरिए मजबूत फैन फॉलोइंग बनाने वाली हेली मानती हैं कि नए फॉर्मेट्स में काम करने के बाद भी टीवी एक्ट्रेस का टैग कई कलाकारों का पीछा नहीं छोड़ता, लेकिन एक सच यह भी है कि सही मौके और लगातार अच्छे प्रदर्शन से, धीरे–धीरे आप लोगों की सोच बदल सकते हैं। अपने सफर के बारे में बात करते हुए हेली कहती हैं, मैं कई सालों तक टेलीविजन का हिस्सा रही हूं और इसके लिए हमेशा आभारी रहूंगी। यह मेरा कम्फर्ट जोन रहा है। लेकिन मैं नए अवसरों को भी तलाशना चाहती हूं, क्योंकि अक्सर मुझे सिर्फ एक टीवी एक्ट्रेस के रूप में देखा गया है। गुल्लकव्य जैसी शानदार कास्ट के साथ काम करना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा। मैं हमेशा से टीवीएफ के साथ काम करना चाहती थी और गुल्लकव्य के जरिए मेरा ओटीटी डेब्यू होना इसे और भी खास बनाता है। सबसे अच्छी बात यह है कि शो की सादगी और वास्तविकता आज भी बरकरार है, और दर्शक हर सीजन से उसी तरह जुड़ाव महसूस करते हैं।

उन्होंने आगे कहा, फिलहाल मेरा फोकस सिर्फ अच्छा काम करने पर है। मैं ऐसी जगह नहीं रहना चाहती, जहां बिना किसी वजह के सिर्फ दिखने के लिए मैं इवेंट्स में जाऊं। मैं चाहती हूं कि लोग मुझे मेरे काम की वजह से जानें और पसंद करें।

गौरतलब है कि गुल्लकव्य हेली शाह के करियर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हो रहा है। वह इसे अपने रचनात्मक दायरे को बढ़ाने और एक कलाकार के रूप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा दिखाने की दिशा में अहम कदम मानती हैं। दर्शकों का लगातार मिल रहा प्यार इस बात का संकेत है कि इंडस्ट्री में अब कलाकारों की पहचान सिर्फ टैग्स से नहीं, बल्कि उनके काम और प्रतिभा से तय होने लगी है।

## अल्फा का नया पोस्टर हुआ जारी, आलिया भट्ट संग नजर आए शरवरी–बॉबी और अनिल कपूर




फिल्म अल्फा का टीजर रिलीज होने के ठीक एक दिन बाद, आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में आलिया के साथ फिल्म के बाकी मुख्य कलाकार एक साथ नजर आ रहे हैं।

आलिया ने इंस्टग्राम पर अपनी फिल्म अल्फा का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस नए पोस्टर में आलिया के अलावा शरवरी वाघ, बॉबी देओल और अनिल कपूर काफी दमदार लुक में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन शिव रावेल कर रहे हैं।

फिल्म का पहला टीजर रिलीज किया गया था। टीजर की शुरुआत में आलिया भट्ट और बॉबी देओल एक साथ खाना खाते हुए दिखते हैं। बॉबी देओल, आलिया को उनके 18वें जन्मदिन की बधाई देते हैं और उन्हें एक कमरे का नंबर लिखा हुआ कार्ड देते हैं।

बॉबी कहते हैं कि अब ट्रेनिंग को सच में आजमाने का समय आ गया है। इसके बाद फिल्म के कुछ शानदार एक्शन सीन दिखाए जाते हैं। टीजर से पता चलता है कि बॉबी देओल ने आलिया को एक खतरनाक एजेंट बनने के लिए कई साल तक ट्रेनिंग दी है। दोनों के बीच एक गुरु और शिष्य का रिश्ता दिखाया गया है।

इस टीजर में फिल्म की दूसरी मुख्य अभिनेत्री शरवरी वाघ नजर नहीं आईं। दरअसल, यह फिल्म मेकर्स की एक सोची–समझी प्लानिंग है। वे फिल्म के सभी बड़े कलाकारों को एक साथ दिखाने के बजाय, धीरे–धीरे एक–एक करके सबके किरदारों को सामने लाएंगे। शरवरी के किरदार की पहली झलक जल्द ही किसी खास मौके पर अलग से दिखाई जाएगी, ताकि दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता बनी रहे।

## सामंथा रुथ प्रभु की मां इंटी बंगारम का ट्रेलर हुआ रिलीज, यूजर्स बोले– एक्शन मोड में क्वीन

सामंथा रूथ प्रभु की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म मां इंटी बंगारम का ट्रेलर आखिरकार तौर पर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में समंथा को पहले से बिल्कुल अलग और एक्शन स्टाइल में देखा जा



सकता है। ट्रेलर को लेकर सोशल मीडिया पर यूजर्स अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

ट्रेलर की शुरुआत में सामंथा एक अच्छी बहू बनने की कोशिश करती दिखाई देती हैं। परिवार की उम्मीदों को पूरा करने में उन्हें काफी मुश्किलें आती हैं। लेकिन अचानक कहानी में ट्विस्ट आता है और सामंथा अपने परिवार की रक्षा के लिए खतरनाक दुश्मनों से लड़ती नजर आती हैं। ट्रेलर में उनके एक्शन सीन्स बहुत दमदार हैं।

सामंथा की फिल्म मां इंटी बंगारम पहले 15 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे टाल दिया गया है। फिल्म मां इंटी बंगारम 19 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सामंथा ने इंस्टाग्राम पर ट्रेलर जारी किया और लिखा, अब ट्रिगर दबाने का समय आ गया है। फिल्म के निर्देशक नंदिनी रेड्डी हैं। इसे राज, सामंथा रूथ प्रभु और हिमांक ने मिलकर बनाया है।

फिल्म मां इंटी बंगारम एक ऐसी महिला की कहानी है, जो पारंपरिक परिवार में नई बहू बनकर आती है। वह शांत, आज्ञाकारी और सबकी नजर में रहने वाली लगती है। लेकिन परिवार को यह पता नहीं होता कि उसके अंदर क्या राज छिपा है। जब उसका पुराना अतीत वापस लौटता है, तो उसे अपने परिवार की रक्षा करनी पड़ती है, वो भी बिना अपनी असली पहचान बताए।

## गर्मियों में फूलों वाली स्कर्ट के साथ पहनें ये 5 डिजाइनर टॉप, आपको मिलेगा खूबसूरत लुक



गर्मियों में फूलों वाली स्कर्ट पहनना एक बेहतरीन विकल्प है। ये न केवल आपको ठंडक देती हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखाती हैं। अगर आप सोच रही हैं कि इन स्कर्ट के साथ कौन–सा टॉप पहनें तो चिंता न करें। आज के फैशन टिप्स में हम आपको कुछ ऐसे डिजाइनर टॉप के बारे में बताएंगे, जो फूलों वाली स्कर्ट के साथ बहुत अच्छे लगते हैं और आपके लुक को खास बना सकते हैं।

सफेद शर्टः सफेद शर्ट हमेशा से ही एक अच्छा विकल्प रही है। यह न केवल आरामदायक होती है, बल्कि किसी भी प्रकार की स्कर्ट के साथ अच्छी लगती है। यह आउटफिट आपको एक पेशेवर लुक भी दे सकता है, जो ऑफिस मीटिंग के लिए बढ़िया रहेगा। यह संतुलित लुक देता है और आपके पूरे लुक को खास बनाता है। आप इसे बाहर निकालकर पहन सकती हैं या अंदर से टक कर सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।

बैकलेस टॉपः बैकलेस टॉप बहुत ही ट्रेंड में हैं, जो फूलों वाली स्कर्ट के साथ सबसे सुंदर लग सकते हैं। इसके लिए आप पश्चिमी शैली वाले टॉप चुन सकती हैं या फिर देसी शैली वाले डिजाइनर बैकलेस टॉप भी पहन सकती हैं। लंबी और मिडी, दोनों तरह की स्कर्ट के साथ ऐसे टॉप अच्छे लग सकते हैं। इन दिनों कैमी वाले बैकलेस टॉप भी काफी पसंद किए जा रहे हैं। टॉप की फिटिंग और स्टाइल अपने हिसाब से चुन सकती हैं।

ट्यूब या टैंक टॉप

इन दिनों महिलाओं को फूलों वाली स्कर्ट के साथ जो टॉप पहनना सबसे ज्यादा पसंद है, वे हैं ट्यूब या टैंक टॉप। ट्यूब टॉप बिना बाजु और कंधे वाले टॉप होते हैं, जो काफी ट्रेंडी लुक प्रदान करते हैं। आप हल्के रंग वाली स्कर्ट के साथ हल्के रंग वाले ट्यूब टॉप का मेल बैठा सकती हैं, जो गर्मी के लिए आदर्श रहेगा। इसके अलावा टैंक टॉप हर महिला के पास होते ही हैं, जो इस स्कर्ट पर जंचते हैं। ऑफ शोल्डर टॉपः अगर आप किसी पार्टी या खास मौके पर फूलों वाली स्कर्ट पहन रही हैं तो ऑफ शोल्डर टॉप बढ़िया चुनाव हो सकते हैं। इससे एक ट्रेंडी लुक मिल जाता है और आप सभी का ध्यान आकर्षित कर सकती हैं। आप दोनों तरफ से ऑफ शोल्डर या वन ऑफ शोल्डर टॉप चुन सकती हैं, जो भी आपको ज्यादा पसंद आए। इसके अलावा इन दिनों ऑफ शोल्डर टी–शर्ट भी काफी चलन में हैं, जिन्हें स्कर्ट के साथ स्टाइल किया जा सकता है।

हॉल्टर नेक टॉप

हॉल्टर नेक टॉप पिछले कुछ सालों से महिलाओं की पहली पसंद बने हुए हैं। इन्हें गर्दन पर बांधकर पहना जाता है और इनकी नेकलाइन बेहद शानदार लुक देती है। इन्हें फूलों वाले प्रिंट वाली स्कर्ट के साथ पहनकर आपको सबसे सुंदर लुक मिलेगा, जो बीच पर जाने के लिए भी अच्छा रहेगा। टॉप की फिटिंग का खास ध्यान रखें, ताकि आपका लुक ज्यादा सुंदर नजर आए। हल्की एक्सेसरीज के साथ लुक को पूरा करें।